जीवन में तुम्हें वही मिलता हैं जो तुम दूसरों को देते हो।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, रविवार 16 नवम्बर 2025 | वर्ष-15 अंक-87 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए | पेज - 6

## ब्रीफ न्यूज

### क्रिसमस से शुरू होंगी कमर्शियल फ्लाइट्स

**मुंबई।** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 25 दिसंबर 2025 से कमर्शियल फ्लाइट्स शुरू हो जाएंगी। अकासा एयर पहली फ्लाइट उड़ाएगी, जो दिल्ली से नवी मुंबई आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 अक्टूबर को एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था, जो मुंबई का दूसरा बड़ा हब बनेगा और जो कनेक्टिविटी बढ़ाएगा। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी कैपेसिटी के साथ यह 2026 तक 9 करोड़ पैसेंजर्स हैंडल करेगा। अकासा एयर की मेडेन (पहली) फ्लाइट 25 दिसंबर को दिल्ली से नवी मुंबई लैंड करेगी। उसी दिन गोवा रूट भी शुरू होगा। 26 दिसंबर से दिल्ली और कोच्चि कनेक्ट होंगे, जबकि 31 दिसंबर से अहमदाबाद फ्लाइट्स चालू होंगी।

### स्टेशन पर 15 लाख का चरस बराम

**अंबाला।** अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर रेलवे सीआईए ने गुप्त सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में चरस बरामद की। जांच टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मनाली से नशा लेकर राजधानी की ओर जाने वाला है। इसके बाद स्टेशन पर निगरानी बढ़ाई गई। टीम ने संदिग्ध की तलाशी ली तो उसके पास से नशे की एक बड़ी खेप मिली। आरोपी के बैग से 1 किलो 974 ग्राम चरस बरामद की। जिसकी कीमत बाजार में करीब 15 लाख रुपए है। टीम पिछले कई दिनों से नशे की सप्लाई रूट पर नजर रख रही थी। इसी दौरान आरोपी के स्टेशन पर पहुंचने की सूचना मिली और उसे दबोच लिया गया। शुरुआती जांच में सामने आया कि यह खेप दिल्ली सप्लाई की जानी थी और आरोपी लंबे समय से इस धंधे में सक्रिय हो सकता है। फिलहाल टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### डैम में पुलिस वाहन गिरा; 3 मरे

**रांची।** रांची में शुक्रवार देर रात हुए भीषण हादसे ने पुलिस विभाग के साथ पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया। धुर्वा डैम के पास से गुजर रहा पुलिसकर्मियों का वाहन अचानक अनियंत्रित होकर पानी में समा गया। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि कार के भीतर मौजूद सभी तीनों पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में जमशेदपुर के प्रिंसिपल जिला जज के दो बॉडीगार्ड उपेंद्र कुमार सिंह और रोबिन कुजूर के साथ सरकारी ड्राइवर सतेंद्र सिंह शामिल थे। बताया जा रहा है कि सभी रात में धुर्वा डैम के रास्ते से गुजर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन काफी तेज गति में था और अचानक मोड़ पर संतुलन बिगड़ने के बाद सीधे डैम में जा गिरा। पानी में गिरते ही कार गहरे हिस्से में धंस गई, जिससे तीनों को बाहर निकलने का कोई मौका ही नहीं मिला।

### महाराष्ट्र के छह नेताओं ने भाजपा छोड़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। उल्हासनगर से भाजपा के छह पूर्व नगरसेवकों ने पार्टी छोड़कर शिंदे गुट के शिवसेना और उसकी स्थानीय सहयोगी टीम ओमी कालानी (टीओके) का दामन थाम लिया। इनमें से तीन नेता शहर में भाजपा के सबसे मजबूत चेहरों में माने जाते थे। बता दें कि एक तरफ जहां बिहार में भाजपा समर्थित एनडीए गठबंधन ने प्रचंड बहुमत हासिल कर, सत्ता में अपना स्थान कायम रखा है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र निकाय चुनाव से पहले छह नेताओं का पार्टी छोड़ना भाजपा के लिए बुरी खबर के तौर पर देखा जा रहा है। उल्हासनगर और कल्याण लोकसभा क्षेत्र में होने वाले आगामी नगर निगम चुनावों से पहले हुई यह टूट भाजपा के लिए बड़ा नुकसान मानी जा रही है।

### आरके सिंह भाजपा से निकाले गए

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की बिहार इकाई ने पार्टी के कद्दावर नेता रहे आरके सिंह को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। आरा लोकसभा सीट से पूर्व सांसद रहे आरके सिंह पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। भाजपा ने उनसे पूछा है कि उन्हें पार्टी से क्यों न निष्कासित किया जाए? बता दें कि नौकरशाही छोड़कर राजनीति में आए पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री आरके सिंह ने बीते दिनों बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया था।

# राजनाथ सिंह: 2027 में बिहार की तरह यूपी में भी आएंगे एकतरफा परिणाम, भाजपा जाति-धर्म की राजनीति नहीं करती

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम से भारतीय राजनीति में बहुत बड़ा बदलाव सामने आया है। कार्यकर्ताओं ने मेहनत कर जो पसीना बहाया, ये जीत उस वजह से हासिल हुई। यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव में भी बिहार जैसा प्रदर्शन दोहराएंगे।

वह शनिवार को कैंट स्थित संस्कृत विद्यालय में वरिष्ठ कार्यकर्ता और प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दूसरी पार्टियों की तरह जाति, पंथ और धर्म के आधार पर राजनीति नहीं करती। हम देश की सुरक्षा, गौरव, संस्कृति और विकास कार्यों के लिए राजनीति करते हैं। बिहार की जनता ने देखा कि प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार नहीं है, इसलिए जनता ने फिर से बिहार की सत्ता भाजपा को सौंप दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है, जनता ने इसे देखा है।

### प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार खत्म किया

रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में सुधार के लिए जो सहायता दी जाती थी, वह अंतिम व्यक्ति तक यथावत नहीं पहुंच पाती थी, क्योंकि



भ्रष्टाचार नाम का दीमक उसे खा जाता था। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तय किया कि भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे और आज वह करके दिखाया। आज सहायता राशि सीधे जरूरतमंदों के खातों में पूरी की पूरी पहुंच रही है। यूपीआई से लेनदेन बढ़ने से भी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिली।

### भारत की मिसाइल और हथियार खरीदने की होड़

राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में बनी मिसाइलें और हथियारों को खरीदने के लिए पूरी दुनिया में होड़ लगी है। जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने ऑपरेशन सिंदूर में करिश्मा किया, वह हमारे लखनऊ में बनी है। ये लखनऊवासियों के लिए गर्व की बात है।

### जीएसटी के गिनाए फायदे, विकास कार्यों की चर्चा

संवाद के दौरान रक्षा मंत्री ने जीएसटी में किए गए बदलाव के बारे में पूछा। इस पर चेतन अग्रवाल ने बताया कि दरों में हुए बदलाव से व्यापार में बढ़ोतरी हुई है। नीलू त्रिवेदी ने जीएसटी में और अधिक सरलीकरण पैटर्न लागू करने की मांग की। इस पर रक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया। चंद्र कुमार वाल्मीकि ने सांसद निधि से बनाए गए वाल्मीकि चौक के लिए रक्षामंत्री का आभार जताया।

# पीएम मोदी बिहार मूल के लोगों से बोले... बिहार ने जातीय और सांप्रदायिक राजनीति को ठुकराया

### आदिवासी समाज का विकास सरकार की प्राथमिकता

### जिन्हें हार मिली उन्हें इस सदमें से निकलने में लग जाएंगे महीनों

**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात दौरे पर शनिवार को सूरत और नर्मदा जिले के डेडियापाडा में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सूरत में बिहार मूल के लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कि बिहार का टैलेंट और वहां के लोगों की राजनीतिक समझ दुनिया में प्रसिद्ध है। बिहार ने जातीय और सांप्रदायिक राजनीति के जहर को ठुकरा दिया है। जिन लोगों को हार मिली है, उन्हें इस सदमे से निकलने में महीनों लगेंगे।

संबोधन पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने पंडोरी माता के देवमोगरा मंदिर में पूजा-अर्चना की। पंडोरी माता को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के आदिवासी समुदाय अपनी कुलदेवी मानते हैं। इससे पहले उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल



कॉरिडोर के निर्माण कार्य का जायजा भी लिया। डेडियापाडा में पीएम मोदी ने लगभग 9700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया और 4 किमी लंबे रोड शो में भी भाग लिया, जिसमें आदिवासी समुदाय के हजारों लोग शामिल हुए।

पीएम मोदी ने कहा, कि वे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि छह दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासी समाज को उनके हाल पर छोड़ दिया, जहां कुपोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ तक नहीं थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने आदिवासी नेतृत्व को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, कई राज्यों में आदिवासी मुख्यमंत्री बने। मंगूभाई पटेल मध्य प्रदेश के राज्यपाल हैं, सरबानंद सोनोवाल शिपिंग मंत्रालय संभाल रहे हैं। आदिवासी समाज आज देश के विकास में अग्रणी भूमिका में है। सभा के दौरान एक बच्ची की बनाई पेंटिंग देखकर पीएम मोदी ने एसपीजी जवानों को वह पेंटिंग लेने को कहा और बच्ची से कहा कि वे उसे चिट्ठी लिखेंगे।

पीएम मोदी ने इसी बीच बताया, कि केंद्र सरकार ने वन उपज पर एमएसपी बढ़ाई है, अन्न व मोटे अनाज को प्रोत्साहन दिया है और गुजरात की वनबंधु योजना को अब और विस्तृत कर जनजातीय योजनाओं के रूप में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में अस्पतालों, क्लीनिकों और डिस्पेंसरी की संख्या बढ़ाई जा रही है तथा नई शिक्षा नीति के तहत स्थानीय भाषाओं को प्रमुखता दी गई है। पीएम मोदी ने गुजरात के आदिवासियों की पेंटिंग और कलाकृतियों को विशिष्ट बताते हुए कहा कि इन्हें वैश्विक पहचान दिलाने के

# राष्ट्रपति मुर्मू समेत उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष ने बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शनिवार को संसद परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी ने बिरसा मुंडा के अदम्य संघर्ष और जनजातीय समुदाय के लिए उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा, कि भगवान बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज को नई चेतना और दिशा दी। उनके बलिदान और विचारों से प्रेरणा लेते हुए 2021 से उनकी जयंती को पूरे देश में 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि बिरसा मुंडा की विरासत भारत की विविधता, समरसता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को बल देती है।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, कि बिरसा मुंडा ने देशभक्ति की ऐसी मशाल जलाई, जो पीढ़ियों तक मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के विरुद्ध बिरसा मुंडा का असाधारण संघर्ष और ग्रामीण-आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए उनकी लड़ाई इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके विचार आज भी सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मसम्मान की भावना को मजबूत करते हैं।

यहां लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, कि राष्ट्रहित और आदिवासी उत्थान के लिए बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष अद्वितीय रहा है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का त्याग, साहस और स्वाभिमान देश की युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणादायी बना रहेगा।

# दिल्ली विस्फोट के चारों आतंकी डॉक्टरों का लाइसेंस रद्द, नहीं कर सकेंगे प्रैक्टिस



### नेशनल मेडिकल कमीशन ने आधिकारिक रजिस्टर से इनके नाम काटे

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट में शामिल चार आरोपी अब डॉक्टरी की प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे। नेशनल मेडिकल कमीशन ने अपनी आधिकारिक रजिस्टर से इनका नाम काट दिया है। नेशनल मेडिकल कमीशन ने दिल्ली विस्फोट के बाद यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज होने के बाद डॉ. मुजफ्फर, डॉ. अदील, डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन का नाम नेशनल मेडिकल कमीशन से काट दिया है। इसके बाद आयोग के अगले आदेश तक ये डॉक्टर प्रैक्टिस नहीं कर पाएंगे और न ही मरीजों का इलाज कर सकेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली ब्लास्ट में शामिल ये आतंकी डॉक्टर कोर्ट से दोषी करार पाए जाने के बाद कभी सार्वजनिक जीवन में इस पेशे में वापस नहीं आ पाएंगे। 10 नवंबर को 2900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद होने और लाल किले के पास हुए कार विस्फोट की जांच में इन डॉक्टरों समेत 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि कई लोगों को हिरासत में लिया है। इस धमाके में अबतक 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

एक सार्वजनिक नोटिस में नेशनल मेडिकल कमीशन ने इल डॉक्टरों के खिलाफ दर्ज एफआईआर में लगाए गए आरोपों को सूचीबद्ध किया और कहा कि जम्मू और कश्मीर मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत इन डॉक्टरों को जांच एजेंसियों द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में शामिल पाया गया है। कमीशन ने कहा कि इस तरह का जुड़ाव या आचरण प्रथम दृष्टया चिकित्सा पेशे के सदस्यों से अपेक्षित नैतिकता, सत्यनिष्ठा और सार्वजनिक विश्वास के मानकों के अनुरूप नहीं है।

नोटिस में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर मेडिकल काउंसिल ने डॉ. अहमद, डॉ. राठेर, डॉ. शकील और डॉ. सईद का रजिस्ट्रेशन रद्द करने का आदेश दिया है और निर्देश दिया है कि उनके नामों को मेडिकल प्रैक्टिशनर के लिस्ट से तत्काल हटाया जाए। एनएमसी के नोटिस में कहा गया है कि इस तरह नाम हटाए जाने के परिणामस्वरूप ये डॉक्टर अगले आदेश तक चिकित्सा पद्धति का अभ्यास करने या चिकित्सक के रूप में कोई भी पद धारण करने के हकदार नहीं रहेंगे।

# एनडीए की प्रचंड जीते के बाद नीतीश के आवास पर नेताओं का जमावड़ा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने उनके सरकारी आवास पहुंचे। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी सीएम से मुलाकात के लिए पहुंचे। सुबह से ही पूर्व मंत्री एवं फुलवारी शरीफ से नवनिर्वाचित विधायक श्याम रजक सहित कई नेता नीतीश कुमार से मिलने पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि नई सरकार गठन और मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा हो रही है।

एनडीए ने प्रचंड बहुमत हासिल कर 200 सीटों का आंकड़ा पार किया। वहीं, महागठबंधन महज 35 सीटों पर सिमट गया। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर जीत का जश्न मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गमछा



लहराते हुए पहुंचे थे और फिर एक बार एनडीए सरकार' के नारे गूंजे। फ्रेंडली फाइट और आंतरिक गुटबाजी से महागठबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ा। राजद 25 सीटों पर सिमट गई, जबकि कांग्रेस को केवल 6 सीटें मिलीं। हार के बाद राजद-कांग्रेस ने ईवीएम और चुनाव आयोग पर हार का ठीकरा फोड़ा। राहुल गांधी ने कहा, चुनाव शुरू से निष्पक्ष नहीं था। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने एसआईआर के जरिए खेल का आरोप लगाया।बिहार हार से कांग्रेस में बवाल मच गया। नेतृत्व पर सवाल उठ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह बोले, टिकट वितरण में देरी से यह हश्र हुआ। दिवंगत नेता अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने कहा, जमीनी हकीकत से दूर नेतृत्व हार का जिम्मेदार है।

### मुसलमानों को टिश्यू पेपर समझने वालों को सबक

एआईएमआईएम ने बिहार में अपना प्रभाव बरकरार रखा। पार्टी ने 5 सीटों पर विजय हासिल की। किशनगंज से जीते प्रत्याशी पर पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी। बहादुरगंज से एआईएमआईएम विजेता ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। कहा, मुसलमानों को टिशू पेपर समझने वालों को जनता ने करारा जवाब दिया है।

### अनियंत्रित होकर कार डैम में गिरी, डूबने से 3 पुलिसकर्मियों की मौत, एक लापता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां 4 पुलिसकर्मी हटिया डैम डूब गए। जिनमें से तीन का शव बरामद किया गया है। एक पुलिसकर्मी का पता नहीं लग पाया है। शनिवार सुबह चार पुलिसकर्मी कार से जा रहे थे। जब उनकी कार हटिया डैम के पास पहुंची तो अनियंत्रित हो गई और डैम में जा गिरी। यहां डैम में डूबने के बाद जब तलाश की गई तो 3 पुलिसकर्मियों के शव बरामद हुए। चौथे पुलिसकर्मी की भी मौत की आशंका है। हालांकि, अभी तक चौथे पुलिसकर्मी का शव बरामद नहीं किया गया है।

# गुरुद्वारों के दर्शन करने गई महिला पाकिस्तान, इस्लाम धर्म अपनाकर कर ली शादी

### पति करनैल सिंह 30 साल से इंग्लैंड में, हो चुका है तलाक, दो बेटे भी हैं

**कपूरथला।** पाकिस्तान में गुरुद्वारों के दर्शनों के लिए गई एक भारतीय महिला जत्थे से कहीं गायब हो गई थी। कपूरथला की रहने वाली 52 साल की महिला का नाम सरबजीत कौर है। 4 नवंबर को गुरु नानक देव का प्रकाश पर्व मनाने सरबजीत कौर सिख श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ पाकिस्तान गई थीं, लेकिन वापस लौटते समय वह जत्थे के साथ नहीं थी और ना ही वह भारत वापस आई, जिसके बाद भारतीय इमीग्रेशन ने तुरंत ही पंजाब पुलिस को सूचित किया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरबजीत कौर को 13 नवंबर को भारतीय जत्थे के साथ वापस लौटना था लेकिन ये महिला अचानक से पाकिस्तान में लापता हो गई।

# जम्मू कश्मीर: नौगाम थाने में धमाका 9 की मौत, 32 घायल डीजीपी बोले- ये आतंकी हमला नहीं

**श्रीनगर।** बीती रात जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के नौगाम थाने में एक जबरदस्त धमाका हुआ है। इसमें 9 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। शुरुआत में अटकलें लगाई जा रहीं थी ये कोई बड़ा आतंकी हमला है। लेकिन जांच पड़ताल में पता चला है कि विस्फोटक की सैंपलिंग के दौरान ये हादसा हुआ है। बाद में राज्य के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूरी स्थिति को स्पष्ट किया और कहा कि ये कोई आतंकी घटना नहीं है बल्कि एक हादसा है और मामले की जांच अभी चल रही है। मलवे को हटाया जा रहा है जिसमें कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। हो सकता है कि मरने वालों की संख्या बढ़ जाए।

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने नौगाम थाने में हुए धमाके को एक दुर्घटना बताया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि थाने में हुआ विस्फोट कोई आतंकी साजिश या हमला नहीं सिर्फ एक हादसा था, जो एफएसएल टीम द्वारा सैंपल लेने के दौरान हुआ। उन्होंने कहा कि



फरीदाबाद से जब्त किए गए विस्फोटक की सैंपलिंग की प्रक्रिया दो दिन से चल रही थी और इसी दौरान रात करीब 11:20 बजे यह घटना हुई। डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है। इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। गृह मंत्रालय ने भी एक बयान जारी कर इस घटना की जानकारी दी है और धमाके को सिर्फ एक हादसा बताया। इस घटना में कुल 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 1 एसआईए अधिकारी, 3 एफएसएल सदस्य, 2 क्राइम विंग कर्मी, 2 राजस्व अधिकारी और टीम के साथ मौजूद एक दर्जी शामिल है। इसके अलावा 27 पुलिसकर्मी, 2 राजस्व अधिकारी और 3 नागरिक घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और उनका इलाज जारी है।

# चीन ने 1,000 टन का सोने का भंडार खोजा

**बीजिंग।** चीन ने शिनजियांग के कुनलुन पहाड़ों में सोने का विशाल भंडार खोजा है। इस सर्वे में शामिल भू-विज्ञानियों के मुताबिक शुरुआती अनुमान बताते हैं कि यहां कुल सोने का भंडार 1,000 टन से भी ज्यादा हो सकता है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक एक साल में यह तीसरी बार है जब चीन को 1000 टन से ज्यादा का सोने का भंडार मिला है। इससे पहले ऐसे दो बड़े भंडार लियाओनिंग और हुनान में मिले थे।

दुनिया में सिर्फ 5 सोने के भंडार ऐसे हैं जो 1000 टन से ज्यादा बड़े हैं। ऐसे में इसे एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। इसकी कीमत लगभग 1,164 लाख करोड़ भारतीय रुपए होगी। इससे पहले वैज्ञानिकों का यह अनुमान था कि चीन में अब सिर्फ 3,000 टन सोना ही जमीन के नीचे बचा है। लेकिन लगातार 3 नई खोजों से वे अनुमान गलत साबित हुए हैं। अब माना जा रहा है कि चीन में सोने के भंडार और भी ज्यादा हो सकते हैं।

## » न्यूज कैप्सूल »

### वाहन की टक्कर से ई रिक्शा चालक की मौत

**बांदा।** सवारिया छोड़ने के बाद घर जा रहे ई रिक्शा चालक को वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के महुआ गांव निवासी 35वर्षीय अशोक पुत्र रसपाल ई रिक्शा चलाता था। वह शुक्रवार की रात सवारिया छोड़ने के बाद बांदा से खाली रिक्शा लेकर गांव जा रहा था। तभी शहर कोतवाली क्षेत्र के रेउना गांव के पास सामने से आ रहे वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ई रिक्शा भी क्षति ग्रस्त हो गया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भतीजे सिकंदर ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाता था। मृतक अपने पीछे पत्नी संगीता के अलावा तीन पुत्री एक पुत्र छोड़ गया है।

### बोलेरो की टक्कर से महिला की मौत

**बांदा।** छठी कार्यक्रम निपटाने के बाद पैदल घर जा रही महिला को तेज रफ्तार बोलेरो ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी 55वर्षीय राजाबेटी पत्नी बदलुवा शुक्रवार की शाम पड़ोसी के घर छठी कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। रात करीब दस बजे वह पैदल घर आ रही थी। तभी पीछे से आ रही बुलेरो ने उसे टक्कर मार दिया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। गग्रमीणो ने देखा तो परिजनो को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसे उठाकर सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार होने से पहले ही राजाबेटी ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के भतीजे विमल ने बताया कि वह पड़ोसी के घर से लौट रही थी। तभी यह हादसा हो गया। मृतका अपने पीछे तीन पुत्री दो पुत्र छोड़ गई है।

### बीमारी से परेशान युवती ने जहर खा की खुदकुशी

**पैलानी।** बीमारी से परेशान युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के गडोला गांव निवासी 40 वर्षीय बबली पत्नी सुरेश विश्वकर्मा शुक्रवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। उसे तत्काल सीएचसी जसपुरा में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने हालत नाजुक बता कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया गया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका के पति ने बताया कि वह राजकोट में मजदूरी करता है। तीन दिन पहले ही गांव आया था। बबली बीमार रहती थी। उसका इलाज भी कराया गया लेकिन फायदा नही हुआ। शुक्रवार को वह गांव में यार दोस्तो के पास मिलने चला गया। इसी बीच सूचना मौका पाकर उसने जहर खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घर पर किसी प्रकार का कोई विवाद नही हुआ है। मृतका अपने पीछे चार पुत्र छोड़ गई है।

### शिविर में बाल विवाह अधिनियम के बारे में दी गई जानकारियां

राजकीय महाविद्यालय ग्राम पिपरहरी में शनिवार को विधिक जागयकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें तमाम जानकारियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के सम्बंध में जानकारी प्रदान की। सचिव द्वारा बाल विवाह पर जोर देते हुए कहा कि उक्त अधिनियम के अनुसार, लडकी की विवाह योग्य न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लडके की 21 वर्ष है। जो कोई भी बाल विवाह करेगा या उसमें सहायता करेगा, उसे दो साल तक के कठोर काराबास और एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। 18 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष द्वारा किसी नाबालिग लडकी से विवाह करने पर भी दंड का प्रावधान है। अधिनियम के तहत यदि कोई बच्चा नाबालिग है तो उसका विवाह निरस्तीकरण योग्य होगा। इस अधिनियम में बाल विवाह से प्रभावित महिला और बच्चों के भरण-पोषण और निवास के प्रावधान भी शामिल है। यह अधिनियम बाल विवाह से संबधित अपराधों का संज्ञेय और गैर-जमानती होना सुनिश्चित करता है।

# चांदी के विमान में विराजमान भगवान आदिनाथ की निकाली शोभायात्रा








### शहर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा ने किया भ्रमण, पीले परिधान पहन शामिल हुए जैन समाज के लोग

**बांदा।** महावीर चौक (झंडा चौराहा) स्थित श्री मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार सुबह भगवान ऋषभनाथ का मोक्ष कल्याणक अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। प्रातः 6-30 बजे हुए विधान, हवन और विश्व शांति महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आचार्य श्री 108 दयासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में सूर्य मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमाओं का प्रतिष्ठा विधान सम्पन्न किया गया। प्रतिष्ठाचार्य अभिषेक जैन और सोनू जैन ने हवन कर विश्व शांति की कामना की। समाज के इंद्रों और पुजारियों ने महायज्ञ को पूर्णता प्रदान की। मोक्ष कल्याणक समारोह का सबसे आकर्षक दृश्य भगवान आदिनाथ को चांदी के विमान में शनिवार को विराजमान कर रथ के द्वारा निकाली गई। प्रमुख मार्गों पर यह शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का केंद्र बनी। सौधर्म, कुबेर, ईशान, महेंद्र, सनत सहित कई इंद्र-नायकों ने पारंपरिक वेशभूषा में नगर भ्रमण किया। महिलाओं के पीले परिधान, पुरुषों के श्वेत वस्त्र और बच्चों की पारंपरिक पोशाक ने शोभायात्रा की सुंदरता बढ़ाई। हाथी-घोड़ों और अलंकृत बग्घियों से सजी शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा और आरती के साथ स्वागत किया गया। मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी समाज की भागीदारी से सफल आयोजन हुआ।

मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर क्षेत्र समिति और तारण तरण दिगंबर जैन कमेटी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। अध्यक्ष सनत जैन, महामंत्री प्रदीप जैन, कोषाध्यक्ष राजा जैन और प्रबंधक संदेश जैन सहित समाज के सभी सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभालीं। इंद्रों की विशेष भूमिका सौधर्म इंद्र- मनोज जैन मंजरी जैन, कुबेर इंद्र प्रमोद जैनङ्कसुनीता जैन, ध्वजारोहणकर्ता सनत कुमार जैन महायज्ञ नायक- आशीष जैनङ्कजूली जैन, यज्ञनायक- सुधेश कुमार जैनङ्कअरुणा जैन (अतर्रा), ईशान इंद्र- राजीव जैनङ्कऊषा जैन, सनत इंद्र- अंकित जैन ङ्क नेहा जैन, राजा श्रेयांश- प्रकाशचंद्र जैनङ्कसुषमा जैन, महेंद्र इंद्र- अर्पित जैन ङ्क मिनी जैन, राजा सौम्य- राकेश जैन ङ्क जूली जैन, ब्रह्म इंद्र- ज्ञानचंद्र जैन ङ्क सुषमा जैन, ब्रह्मोत्तर इंद्र- शैलेन्द्र जैन ङ्क अनीता जैन, लांतव इंद्र- अंकित जैन ङ्क सोनम जैन कांपिल्य इंद्र- शिवनारायण गुप्ता समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में तारण तरण और दिगंबर जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। कार्यक्रम को संपन्न कराने में विशेष सहयोग में तरण तरण दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश जैन योगेश जैन ओर समाज कि खवरो को प्रमुखता से कवरेज करने के लिए मीडिया प्रभारी दिलीप जैन को सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में प्रकाश जैन, योगेश जैन, मुकेश जैन, सुबोध जैन, नरेन्द्र जैन, सतीश जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, रितेश जैन, सौरभ जैन सहित कई सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। महिला वर्ग में सीमा जैन, पुनम जैन, सेली जैन, समीक्षा जैन, रश्मि जैन, मीनू जैन, संगीता जैन, दिव्या जैन, शीतल जैन, सरिता जैन, साधना जैन, आशा जैन, नीता जैन प्रीति ,निशि अनिता जैन्आदि ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शोभा यात्रा मेंसदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, माहिला आयोग कि सदस्य प्रभा गुप्ता,रजत सेठ,मनीष गुप्ता, पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज,संतन ओमर, अमित सेठ भोलू, प्रमोद जैन, भक्ति व उल्लास से पूरा क्षेत्र सरोबार रहा। शोभायात्रा के दौरान भजन, संगीत, ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भगवान आदिनाथ की चांदी के विमान पर निकली शोभायात्रा पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र बनी रही और श्रद्धालुओं ने मार्ग भर दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## ऋण लेने में धोखाधड़ी, बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से निकाल ली गई रकम

### ऋणधारक परेशान, अफसरों से लगा रहा कार्रवाई की गुहार, पुलिस अधीक्षक से शिकायत



**बांदा।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास कार्यपाल योजना के तहत लिए गए ऋण में धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। पीडि़त इरफान खान ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि उनके 4.5 लाख रुपये के ऋण में से 3 लाख रुपये से अधिक की राशि कथित तौर पर बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से निकाल ली गई है। ईदगाह रोड हाथी खाना, अलीगंज निवासी इरफान खान को ऑटो पार्ट रिपेयर का व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण की आवश्यकता थी। उन्होंने 24 मई को उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, बांदा में 4.5 लाख रुपये के ऋण के लिए आवेदन किया था। विभाग ने उन्हें जुलाई में एसबीआई बैंक शाखा अलीगंज में आवेदन करने का निर्देश दिया। अगस्त 2025 के पहले सप्ताह में, जब इरफान बैंक पहुंचे, तो उनकी मुलाकात अमन गुप्ता और मनोज चौरसिया से हुई। इन दोनों व्यक्तियों ने इरफान को आश्वासन दिया कि उनकी बैंक के फील्ड ऑफिसर सुयश मिश्रा और मुख्य शाखा प्रबंधक अजय सिंह सेंगर से अच्छी जान-पहचान है और वे उनका ऋण जल्द स्वीकृत करवा देंगे। अमन और मनोज, इरफान को फील्ड ऑफिसर और शाखा प्रबंधक के पास ले गए। शाखा प्रबंधक ने इरफान से कई सादे कागजों और निकासी पर्चियों पर हस्ताक्षर करवा लिए। उन्हें बताया गया कि उनका 4.5 लाख रुपये का ऋण जल्द ही स्वीकृत हो जाएगा। 25 अगस्त को इरफान के मोबाइल पर 4,09,122 रुपये का ऋण स्वीकृत होने का संदेश आया। अगले दिन जब वह बैंक पहुंचे और पूछताछ की, तो फील्ड ऑफिसर सुयश मिश्रा ने उन्हें बताया कि उनका पैसा अमन गुप्ता द्वारा निकाल लिया गया है। इरफान ने शाखा प्रबंधक से इसकी शिकायत की, जिन्होंने उन्हें अमन गुप्ता की फर्म से मशीनरी लेने की सलाह दी। इसके बाद, इरफान ने अमन गुप्ता और मनोज चौरसिया से मुलाकात की। अमन गुप्ता ने उन्हें मशीनरी के बजाय पैसे देने का वादा किया और 1 लाख रुपये का चेक दिया, जिसका भुगतान इरफान को मिल गया।अमन ने शेष 3,09,122 रुपये जल्द देने का आश्वासन दिया है। पीडि़त इरफान खान ने पुलिस अधीक्षक से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

## वन स्टाप सेंटर में बेटी की सुरक्षा को लेकर परेशान परिजन



### कोतवाली पुलिस युवती के बारे में नहीं दे रही सही जानकारी

**बांदा।** एक 20 वर्षीय युवती को कथित तौर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने के बाद पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस युवती को जबरन सेंटर में रखे हुए है और प्रताडि़त कर रही है। वहअपनी बेटी को वापस पाने के लिए पुलिस अधीक्षक (एसपी) से गुहार लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, युवती पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने गई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे वन स्टॉप सेंटर में सुपुर्द कर दिया। युवती के परिजन अब उसकी सुरक्षा और स्थिति को लेकर चिंतित हैं। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी बालिग है और मामले में वादी भी है, इसके बावजूद पुलिस उसे जबरन सेंटर में रखकर परेशान कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस उन्हें युवती के बारे में सही जानकारी देने में आनाकानी कर रही है। अपनी बेटी की स्थिति से परेशान होकर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी बेटी को उनके सुपुर्द करने की गुहार लगाई है। वे पुलिस से न्याय और अपनी बेटी की सुरक्षित वापसी की मांग कर रहे हैं। यह मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के एक गांव का है।

## संगठित ठगी व चोरी करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार, सभी मध्य प्रदेश के बाशिंदे

### 6 लाख 80 हजार रुपये नगद, पीली धातु के सिक्के भी बरामद, अनुमानित बरामदगी 10 लाख 55 हजार की कीमत



**बदौसा।** बागै नदी पुल के पास से शुक्रवार की आधी रात को पुलिस ने संगठित चोरी और ठगी करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 6 लाख 80 हजार रुपये नगद, सोने के सिक्के और अन्य जेवर बरामद किए गए हैं। चार मोबाइल फोन भी पुलिस ने कब्जे में लिए हैं। थानाध्यक्ष बदौसा के नेतृत्व में शुक्रवार देर रात मुखबिर खास की सूचना पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई कि बागे नदी पुल के पास वाहन से रुपये का बैग चोरी करने वाले अभियुक्तगण इण्डियन पेट्रोल पंप फतेहगंज रोड से लगभग 200 मीटर आगे अर्धनिर्मित मकान के पास मौजूद हैं। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम द्वारा बिना देरी किये बताये गये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए चार संदिग्ध व्यक्तियों को दबिश देकर पकड़ा गया। अभियुक्त पुलिस वाहन को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। पकड़े गए अभियुक्तों का नाम पुलिस ने इजालाल पुत्र खद्दारे लाल निवासी हरदवा थाना रीठी जिला कटनी, वरसन पुत्र आर्यन निवासी पिलोरी थाना रीठी जिला कटनी, जोकिन पुत्र अरसन निवासी पटेरा थाना रीठी जिला कटनी और महेश पुत्र गुल्ली उर्फ दुल्ली निवासी नेतुहापुर मजरा इन्द्रगढ़ जिला दतिया मध्य प्रदेश बताया है। पुलिस टीम के मुताबिक अभियुक्तों से 6,80,000 रुपये नगद, पीली धातु के कुल 1,465 सिक्के, चोरी की राशि से लगभग 30 ग्राम पीली धातु, कुल पांच पीली धातु के बिस्कुट/सिक्के क्रय किये गये (अनुमानित कीमत 375000), आधार कार्ड (वादी मुकदमा से सम्बन्धित जो घटना मे चोरी गया था), चार अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया है। कुल सामग्री 10 लाख 55 हजार की अनुमानित है। पूछतांछ में अभियुक्तों ने बताया कि चित्रकूट व आस पास के जिलो मे चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी बदौसा अजीत प्रताप सिंह, उप निरीक्षक रामनारायण सरोज, मिथलेश कुमार, राहुल यादव, महिला कांस्टेबल सुहारती शामिल रहीं।

### प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा


**बाँदा।** सेंट जॉर्ज स्कूल, आवास विकास में शुक्रवार को बालदिवस पर प्रधानाचार्य अल्बर्ट रस्किन ने बालदिवस का महत्व बताते हुए दो दिवसीय वार्षिक खेलों की शुरुआत खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला द्वारा परेड की सलामी देकर तथा मशाल प्रज्वलित करके की गई। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा छात्र छात्राओं को खेलों को स्वस्थ खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई गई। खेलों का शुभारंभ कक्षा नर्सरी के नन्हें मुन्हें बच्चों की थ्रो द बॉल प्रतियोगिता से हुई आदर्श सिंह, वंशिका (प्रथम), नित्यंश और मानविका द्वितीय, आयुष वर्मा और दिव्यांशी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### डायग्नोस्टिक सेंटर जांच करवाने गई महिला लापत

**बांदा।** एक सप्ताह पहले डायग्नोस्टिक सेंटर जांच कराने आई युवती संदिग्ध परिस्थितियो में गायब हो गई। फोन बंद होने पर घरवालो ने उसकी खोजबीन किया। लेकिन कोई सुराग नही मिला। पीड़ित परिजनो का कहना है कि सिंबिल लाइन पुलिस चौकी इस ओर कोई ध्यान नही दे रही है। परिजनो ने अपहण की आशंका जताई है। शहर के सर्वोदय नगर निवासी माधुरी शर्मा पत्नी लवलेश शर्मा एक एनजीओ के माध्यम से महिला अस्पताल के कमरा 15 पीएनसी वार्ड मे बच्चो को फ्री पैपर बाटने का काम करती थी। वह बीमार थी एक सप्ताह पहले पति के साथ सिविल लाइन स्थिति एक डायग्नोस्टिक सेंटर सीबी सी की जांच करवाने आई थी। पत्नी उसे छोड़ने के बाद कानपुर चला गया था। यही से वह लापता हो गई। पति ने फोन मिला तो उसका फोन स्विच आफ था। घर वालो ने अपहरण की आशंका जाताई है। पति समेत परिजनो ने उसकी खोच बीन किया। लेकिन पता नही चला। सीसीटी फुटेज देखे गए। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने काई कार्रवाई नही किया। शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने एसपी से मिल कर न्याय की गुहार लगाई है। युवती के पति ने आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले अस्पताल में डयूटी के दौरान उसके बैग से ज्वैलरी और रूपए गायब हो गए थे।

## लेखपालों ने तहसील समाधान के दौरान परिसर में दिया धरना

### समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन की अगली रणनीति बनाएंगे



**बांदा।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर लेखपालों ने शनिवार को धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने की। लेखपाल संघ ने यह धरना प्रदर्शन अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर किया। इनमें वेतन उच्चीकरण, पदोन्नति, भत्तों में वृद्धि और अंतरमंडलीय स्थानांतरण जैसी मांगें शामिल हैं। संघ का आरोप है कि सरकार इन मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है और लेखपाल संवर्ग की लगातार उपेक्षा कर रही है। इस धरना प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष केश बुंदेला, जिला मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष गोविंद शुक्ला और तहसील कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित सभी लेखपाल उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के समापन के बाद, लेखपालों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन तहसील में सौंपा।प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार, यदि इन समस्याओं और मांगों पर सकारात्मक समाधान नहीं निकलता है, तो आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी।

» न्यूज कैप्सूल »

## शोक सभा

**गुरसरांय।** मुहल्ला कटरा निवासी रमाकान्त सीरौठिया ढुरबई वाले की धर्मपत्नी व कपिल सीरौठिया की माता जी श्रीमती बेबी सीरौठिया के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान पूरन सोनी,जगदीश सोनी,विभांशु त्रिपाठी,वीरेंद्र कुशवाहा,देवेंद्र सोनी,अजय सोनी,प्रीतम पांचाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## मेला ग्राउंड में बिराट कुश्ती दंगल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**समथर झांसी।** बरी माता मन्दिर पर दो दिवसीय मेला के अवसर पर मेला ग्राउंड में बिराट कुश्ती दंगल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गरौठा विधायक पुत्र राहुल राजपूत एवं पहाड़पुरा साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष भरत राजपूत ने फीता काटकर किया। रुद्रप्रताप सिंह गुर्जर, महेंद्र प्रताप सिंह गुर्जर,शिवम गुर्जर,किंग साहब ने मुख्य अतिथियों का तिलक लगाकर माला पहनकर शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया।दंगल में जिला जालौन, झांसी,दतिया,भिण्ड,ग्वालियर मुरैना एवं स्थानीय नौजवान पहलवानों के साथ साथ बच्चों ने भी दंगल में अपने अपने हैरत अंगेज दाव पेच दिखाएं। किसान एग्री जंक्शन पहाड़पुरा स्टेट की ओर से दंगल में विजयी पहलवानों को ट्रॉफी,शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। उक्त अवसर पर शिवपाल सिंह,भगवान सिंह, मुन्ना पाठक, अनुपम तिवारी,पप्पू सिंह,रामपाल सिंह,अनुपम सिंह,राजवीर,छोटे राजा,बाबा साहब,हरि सिंह, लल्ला राजा,राजाबेटा,सत्यम सहित बहुत से लोग मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक चालक ने नगर के पंचानन चौराहा के पास आगे चल रही बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे वृद्ध की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। वही दूसरा बाइक चालक मौके से भाग गया।

कोंच कोतवाली क्षेत्र के भदेवरा गांव निवासी 75 वर्षीय गणेशराम किसी काम के सिलसिले से कोच बाजार जाने के लिए गांव की पुलिया पर खड़ा हुआ था। इस दौरान अटागांव निवासी कृपाल सिंह अपनी बाइक से आता हुआ दिखाई पड़ा और उसने बाइक सवार से लिफ्ट मांगी और उसकी बाइक पर बैठ गया। इसी दौरान दूसरे बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही के चलते पंचानन चौराहा के पास उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। बताया गया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई? जबकि चालक घायल हो गया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद खबर मृतक के स्वजनों को दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश में जुट गई है।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपितों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा

**उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते वर्ष 2022 की 19 अगस्त को एक नाबालिग लड़की के साथ दो व्यक्तियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने बाड़े में बंदकर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पिता ने जीतू सिंह उर्फ जीतू कुशवाहा और उसके साथी मलखान सिंह निवासीगण व्यासपुरा, थाना कोतवाली जालौन पर इस वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया था। किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जीतू सिंह को 20 अगस्त 2022 को और दूसरे आरोपी मलखान सिंह को 16 सितंबर 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचक ने वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी विवेचना की, पीड़िता और गवाहों के बयान दर्ज किए, तथा सभी आवश्यक साक्ष्य जुटाकर 3 अक्टूबर 2022 को दोनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस और अभियोजन पक्ष के शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह राजपूत व कोर्ट पैरोकार की ओर से लगातार प्रभावी पैरवी की गई। लंबी सुनवाई के बाद, 15 नवंबर 2025 को एससी/एसटी कोर्ट, के न्यायाधीश सुरेश कुमार गुप्ता ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## चोरी का खुलासा करने ने नाकाम जालौन पुलिस, सीसीटीवी में चोर थे कैद

जालौन। 13 दिन पूर्व चोरों ने घर व दुकान का ताला तो?कर 40 हजार रुपये नकद सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। सीसीटीवी कैमरे में चोर के दिखने के बाद भी अब तक पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा सकी है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नयाखंडेराव निवासी हर्षवर्धन गुप्ता की घर में ही रंगाई पुताई के सामान की दुकान है।

# एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों को गर्म साल तथा टॉर्च भेंट कर कहा- रात्रि गश्त एवं सतर्कता बढ़ाई जाए

### गरौठा थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

### अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब पर पूर्ण अंकुश लगाये जाने के निर्देश

**झांसी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने आगामी शीत ऋतु को देखते हुए ग्राम प्रहरियों को गर्म साल तथा टॉर्च भेंट कर उनसे कहा कि रात्रि गश्त एवं सतर्कता बढ़ाई जाए। साथ ही सूचनाओं के त्वरित आदानङ्कप्रदान हेतु सक्रिय रहने के निर्देश दिए। यह बात उन्होंने गरौठा थाना का वार्षिक निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रहरियों से कही है।

एसएसपी ने कहा कि आगामी शीत ऋतु में चोरी, नकबजनी व लूट जैसी वारदातों की बढ़ोत्तरी हो सकती है। ऐसे अपराधों पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर सक्रिय पुलिसिंग करने, बीट आरक्षियों को अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमणशील रहकर आवश्यक सूचनाएँ संकलित करने तथा भूमि/सम्पत्ति संबंधी विवादों के मामले संज्ञान में आने पर तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई कराने के सख्त निर्देश दिए।

एसएसपी ने महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया। केन्द्र पर उपलब्ध अभिलेखों एवं शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध किया जाए तथा प्रत्येक निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता से अनिवार्य



रूप से फीडबैक प्राप्त किया जाए। एसएसपी ने यह भी निर्देशित किया कि जनसुनवाई तथा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने कोतवाली गरौठा का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम गार्द सलामी ली, तत्पश्चात थाना परिसर का व्यापक निरीक्षण करते हुए थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, शस्त्रागार एवं शस्त्रों के रखरखाव, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, आगन्तुक कक्ष, मेस, आरक्षी बैरक सहित समस्त महत्वपूर्ण स्थलों का गहन निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एसएसपी द्वारा कार्यालीय अभिलेखों की बारीकी से जांच कर उन्हें अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना क्षेत्र में घटित अपराधों एवं अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी गरौठा सुश्री असमा वकार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान सक्रियः पुलिस ने स्कूल, कॉलेज, बाजार में चलाया जागरुकता अभियान

**झांसी।** कोतवाली पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में इन मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, एसपी सिटी प्रीति सिंह, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम के निर्देशन और कोतवाल राजेश पाल सिंह के नेतृत्व में एसएसआई किरन रावत ने टीम सदस्य महिला आरक्षी अनुराधा और सुनीता ने राजेंद्र प्रसाद कन्या इंटर कालेज कोतवाली में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान कन्या सुमंगला, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला, आयुष्मान, निराश्रित महिला पेंशन, स्वनिधि, सम्मान निधि, महिला ई-हाट और अभ्युदय योजना जैसी कई सरकारी



लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति केंद्र की टीम प्रभारी किरन रावत ने बताया कि केंद्र पर प्रतिदिन महिलाओं और बालिकाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना जाता है और उनका त्वरित समाधान किया जाता है। टीम लगातार गांव-गांव जाकर महिलाओं से संपर्क कर रही है ताकि कोई भी पीड़ित न्याय से वंचित न रहे। पुलिस ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके भी समझाए। इसके अतिरिक्त, उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, कन्या सुमंगला योजना और मातृ वंदना योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। पुलिस का यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पुलिस ने बाल विवाह, बाल श्रम, महिला उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट और ऑपरेशन मुक्ति जैसे गंभीर विषयों पर भी लोगों को जागरूक किया। बच्चों को %गुड-टच-बैड-टच% के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त, साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट और सुरक्षित सोशल मीडिया उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई, साथ ही 1930 (साइबर हेल्पलाइन), 1090, 181, 112, 108 और 1098 जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया ताकि लोग आपात स्थिति में सहायता प्राप्त कर सकें।

# जिला एवं सत्र न्यायालय में सुरक्षा चूक के बाद एसपी ने किया निरीक्षण



### कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, कंट्रोल रूम से लेकर एक्स-रे स्कैनर तक सभी बिंदुओं पर की जांच

**उरई।** जिला एवं सत्र न्यायालय में सुरक्षा चूक के बाद एसपी मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने न्यायालय में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला एवं सत्र न्यायालय में शुक्रवार को महिला बादकरी द्वारा नस काटने की घटना के बाद पुलिस अलर्ट मोड़ पर आ गई। जिसको लेकर एसपी डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर कोर्ट परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। इस दौरान एसपी ने जिला एवं सत्र न्यायालय में भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लेते हुए न्यायालय कंट्रोल रूम, एचएचएमडी, एचएफएमडी एक्स-रे स्कैनर इत्यादि का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कडे निर्देश देते हुए बिना मेटल डिटेक्टर जांच किसी को प्रवेश नहीं, और हथियार लाने पर सख्त रोक लगाने की बात कही। वहीं एसपी ने सीजेएम अभिषेक खरे से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली।फिलहाल घटना के बाद से न्यायालय परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

# आज निकलेगी सरदार वल्लभ भाई पटेल एकता यात्रा



**गुरसरांय।** भाजपा कार्यालय पर भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता में और गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत के मुख्य आतिथ्य में एक बैठक भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई जिसमें बताया गया आज 16 नवंबर रविवार को गरौठा विधानसभा क्षेत्र की 150 वीं जयंती के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा देश व राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को यादगार व ऐतिहासिक बनाया जा सके को लेकर लगभग 10 किलोमीटर ग्राम सुट्टा से अस्ता मुख्य मार्ग पर एक सभा मे पूरे क्षेत्र के हजारों पार्टी से लेकर हर आम व खास लोग यात्रा में सम्मिलित होकर पैदल यात्रा ग्राम मडोरी से होते हुए गुरसरांय मुख्य मार्ग से गुजरते हुए खेर इंटर कॉलेज गुरसरांय मे एक विशाल सभा होगी जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री और झांसी जिले की प्रभारी पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य के साथ झांसी जिले के भाजपा प्रभारी संतविलास शिवहरे सहित संगठन और भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न संगठनों के प्रमुख लोगों के अलावा बड़ी संख्या में नौजवान किसान महिला,पुरुष इस आम सभा में सम्मिलित होकर देश को एक सूत्र में बांध कर देश को विश्व पटल पर सबसे सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को ताजा कर ऐतिहासिक रूप देने के लिए यह सभा अपने मे बुंदेलखंड में यादगार होगी।

# प्रत्येक व्यक्ति को तकनीकी ज्ञान होना चाहिएः विधायक सदर

**उरई।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, योजना के तहत मिशन में आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता रामा इन्फोटेक द्वारा स्थापित आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा ने फीता काटकर किया। विधायक सदर ने माँ सरस्वती जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में सदर विधायक ने कहा कि ''प्रत्येक व्यक्ति को तकनीकी ज्ञान होना चाहिए तथा उस के ज्ञान के आधार पर उसे जीवकोपार्जन हेतु व्यवसाय अथवा नौकरी प्राप्त होगी, आज के वर्तमान व्यवसाय के अनुरूप इस प्रशिक्षण केन्द्र पर हेल्थ केयर सेक्टर के अन्तर्गत जनरल डयूटी असिस्टेंट ट्रेनी का कोर्स प्रतिभागियों को रोजगार दिलाने में अहम भूमिका अदा करेगा क्यांकि यही समय की मांग है''। कोर्स प्रतिभागियों को रोजगार दिलाने में अहम भूमिका अदा करेगा क्यांकि यही समय की मांग है''। एमआईएस मैनेजर भारत कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण कोर्स के बारें में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गई, साथ ही साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ''कौशल सफलता की सी?ी है जो किसी को भी नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिये सशक्त बनाती है। कार्यक्रम की याद संजोय रखने हेतु प्रशिक्षण प्रदाताप्रदाता रामा इन्फोटेक के प्रभारी चन्द्रेश प्रताप सिंह यादव ने विधायक को स्मृतिचिन्ह प्रदान किया। इस दौरान अभ्यर्थी संस्था के हे? एवं उनकी टीम, उमेश सिंह, व प्रशिक्षण प्रदाता के समस्त प्रशिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का सप्तम दिवस

**बरुआसागर।** झांसी नगर के मध्य श्री गुलाब बाग धाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस कथा सुनाते हुए युवराज पंडित नितिन कृष्ण महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह की कथा सुनाई उन्होंने कहा कि विवाह सोलह संस्कारों में एक संस्कार है, हमारा विवाह वैदिक विधि से होना चाहिए एवं हमारा दाम्पत्य जीवन एक आदर्श होना चाहिए एवं महाराज जी ने भगवान की संतानों की चर्चा की उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ-साथ अपने धर्म के बारे में गोत्र एवं शाखा की जानकारी होना चाहिए अपने आदर्श भगवान श्री राम के जीवन एवं उनकी दिनचर्या उनके संस्कारों का ज्ञान भी देना जरूरी है । आज राधा कृष्ण की जोड़ी आकर्षण का केंद्र रही, फूलों की होली ने सभी का मन मोह लिया ??। कथा के मुख्य परीक्षित चिंटू साहू कमला देवी, अंकिता संतोष योगी, सुनील अंजना राय, सुनीता अग्रवाल बेटा सोमू ,उषा अग्रवाल बेटा दीपक कुलदीप रहे । कथा के पूर्व सुंदर भजन प्रस्तुत किए ,युवराज कथा वाचक के पूज्य पिताश्री धर्म गुरु पंडित विनोद चतुर्वेदी ने सभी को आशीर्वचन सुनाया ।पूजन एवं पाठ पंडित प्रवीण तिवारी, पंडित आलोक पिपरिया, पंडित हरिओम तिवारी ने किया । इस अवसर पर सुजीत बकना,गुलजारी राय ,सुरेश राय, मनोज राय, प्रेम नारायण राय, रमेश चौरसिया, अजीत श्रीवास्तव ,अतुल सोनी उपस्थित रहे ।

# डीएम-एसपी ने समाधान दिवस में 32 शिकायती पत्रों में से 8 शिकायतों का किया निरीक्षण

**उरई।** डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील कोंच के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम व एसपी ने तहसील कोंच के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए फरियादियो की शिकायती प्रार्थना पत्रो को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 32 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमे 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी



फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य यही है कि जनता बिना संकोच के अपनी समस्याएँ रख सके और प्रशासन उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या विलंब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम ने निर्देशित किया कि जमीन विवाद, घरेलू हिंसा, धोखाधड़ी, असामाजिक तत्वों की गतिविधियाँ एवं शांति भंग की श्रेणी में आने वाली शिकायतों पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर सीडीओ केके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ परमेश्वर, पीडी अखिलेश तिवारी, सीएमओ देवेंद्र भिटौरिया आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हालत बिगड़ने से किसान की रास्ते में मौत

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र में हालत बिगड़ने से अधेड़ किसान को परिजन उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे तभी रास्ते में मौत हो गई। कोंच कोतवाली क्षेत्र ग्राम खोवा निवासी संतोष कुमार 55 वर्ष की शुक्रवार शाम को अचानक तबीयत खराब हो गई।जिससे परिवार के लोग उसे जालौन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।बताया गया कि मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में ही दमतोड दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संपादकीय

# सरकार की 10 लाख करोड़ रू. के पेंशन फंड पर नजर?

सरकार की नजर अब देश के सबसे बड़े सुरक्षित कोषों में से एक पेंशन फंड पर है। वित्त मंत्रालय 10 लाख करोड़ रुपये के पेंशन फंड पर नजर लगाए हुए है। दरअसल सरकार पेंशन फंड को नई योजनाओं या बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में लगाने पर विचार कर रही है। यह फैसला सरकार के आर्थिक संसाधनों के लिए नया खजाना खोल सकता है। वहीं कर्मचारियों का भविष्य, जोखिम और चिंता का कारण बनने लगा है। दरअसल, पेंशन फंड का पैसा लाखों सरकारी और निजी कर्मचारियों की कई दशकों की बचत है, जिसे वह बुढ़ापे की आर्थिक सुरक्षा के रूप में देखते हैं। कुछ वर्ष पूर्व पेंशन फंड का एक हिस्सा बाजार में लगा दिया गया। सरकार ने शेयर बाजार को पैसा उपलब्ध कराने के लिए पेंशन फंड के सीमित निवेश को शेयर बाजार में लगाया हुआ है। अब पूरे पेंशन फंड को सरकार जोखिम में डालने जा रही है। इस कारण कर्मचारी संगठन उद्वेलित हो रहे हैं। कर्मचारी पेंशन फंड के कोष का उपयोग अगर सरकार अपने विकास प्रोजेक्ट्स या कर्ज चुकाने के लिए करती है, तो ऐसी स्थिति में सरकार अपने कर्मचारियों के उस भरोसे पर चोट करेगी, जो कर्मचारी इस फंड और सरकार पर पेंशन को लेकर विश्वास करते हैं। पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे का सबसे बड़ा सहारा होता है। वह स्वयं और अपने परिवार का पेंशन के जरिए गुजारा करता है। पेंशन फंड का निवेश जोखिम-मुक्त निवेश के रूप में होना चाहिए ताकि वह पेंशनधारी को स्थिर रिटर्न कर्मचारियों को देना होता है। कर्मचारी की बचत का उपयोग सरकार अपनी वित्तीय कमी और घाटे को पूरा करने के लिए नहीं कर सकती है। वित्तीय विशेषज्ञों का कहना है, अगर सरकार इस राशि को इंफ्रास्ट्रक्चर या लंबी अवधि के निवेश में लगाना चाहती है तो सरकार को गारंटीड रिटर्न देना होगा। आर्थिक विशेषज्ञों का यह भी कहना है, कि जब इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था, तब बैंकों के पास जमा धन को सरकार ने बांड के जरिए रिजर्व बैंक के माध्यम से उधार लिया था। बैंकों में जमा राशि पर सरकार निश्चित दर से ब्याज देती थी, जिस कारण बैंकों के राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य पूरा हुआ। पंचवर्षीय योजनाओं के लिए सरकार को बैंकों के माध्यम से बांड के रूप में एक बहुत बड़ी राशि उपलब्ध हुई। वहीं जिन लोगों ने अपनी छोटी-छोटी सी बचत भी बैंकों में जमा की थी। उन्हें ब्याज के रूप में भारी रिटर्न मिला, लोगों का विश्वास बैंकों पर बढ़ा। राष्ट्रीयकरण के बाद केंद्र सरकार को भारी मात्रा में जनता से धन प्राप्त हुआ। कुछ ही वर्षों में सरकार ने कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त की। वही पंचवर्षीय योजनाओं के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को धन उपलब्ध हुआ। सरकार यदि पेंशन फंड का इस्तेमाल सरकारी योजनाओं के लिए करना चाहती है तो उसकी गारंटी भी सरकार को लेनी होगी और एक निश्चित रिटर्न पेंशन होल्डर को समय-समय पर भुगतान करना होगा। पेंशन फंड को बाजार के हवाले नहीं किया जा सकता है। वह भी उसे बाजार का जिसका कोई धनी-धोरी ना हो। बाजार की अस्थिरता के चलते फंड की सुरक्षा और रिटर्न दोनों खतरे में पड़ सकते हैं। बुढ़ापे में पेंशन पाने वाले कर्मचारी इस तरह का जोखिम ना तो उठा सकते हैं ना ही सरकार को उन्हें इस जोखिम में डलना चाहिए। सरकार का तर्क यह है, अगर यह पैसा उत्पादक क्षेत्रों में लगाया गया, तो इससे अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा और इसका लाभ पेंशनधारकों को मिलेगा। सवाल यह उठता है, क्या सरकार की आर्थिक नीतियां स्थिर और पारदर्शी हैं? शेयर बाजार और वित्तीय संस्थाओं का निवेश क्या सुरक्षित है? वर्तमान स्थिति में सभी जगह आर्थिक व्यवस्था डंवाडोल है। सभी वित्तीय संस्थाएं ऑक्सीजन पर चल रही हैं। जिस बाजार पर केंद्र सरकार भरोसा कर रही, वह कभी भी ढहने के लिए तैयार है। शेयर बाजार और वित्तीय संस्थानों में जिस तरह के घपले और घोटाले हो रहे हैं, उसमें कर्मचारियों की आजीवन बचत और भविष्य को दांव पर लगाया जा सकता है? पिछले कुछ वर्षों में कई सरकारी कंपनियों और बैंकों के घाटे का बोझ आम जनता उठा रही है। बैंकों की सेवाएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। ब्याजदर लगातार कम हो रही है। बैंक में जमा राशि के ब्याज से लोगों का खर्च नहीं चल पा रहा है। पेंशन फंड पर भी सरकार ने यदि यही रास्ता अपनाया, तो आने वाले समय में लाखों पेंशनधारकों की आर्थिक स्थिति डगमगा जाएगी। बुढ़ापे में वह और उनके परिवार 2 जून की रोटी और अपने इलाज के लिए मोहताज हो सकते हैं। यह रिस्क सरकार को नहीं लेनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह पेंशन फंड का उपयोग केवल सुरक्षित, पारदर्शी और निश्चित रिटर्न सुनिश्चित करने वाले साधनों में निवेश करे। इस फंड को राजनीतिक या राजकोषीय संकट से निपटने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। सरकार को अपने ही कर्मचारी जो पेंशन पर आधारित है उनके भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ ना हो इसका ध्यान रखने की जिम्मेदारी संवैधानिक रूप से सरकार की है। 10 लाख करोड़ रुपये का पेंशन फंड केवल वित्तीय आंकड़ा नहीं है। यह करोड़ों परिवारों के भविष्य की उम्मीद और जीवन जीने की गारंटी है। सरकार को यह याद रखना होगा, विकास योजनाएं तभी सार्थक होंगी। जब नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा उससे प्रभावित न हो। विकास योजना तभी सार्थक होगी, जब वह नागरिकों के लिए बेहतर साबित होंगी। इस समय केंद्र सरकार और राज्य सरकार भारी घाटे में है। ब्याज और किस्त के रूप में केंद्र एवं राज्य सरकारों को अपने बजट का 25 से 40 फ़ीसदी तक पैसा खर्च करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों की बचत पर सरकार को दांव लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार को यह बात समझनी होगी। वहीं कर्मचारी संगठनों को भी उनका भविष्य सुरक्षित रहे इस हेतु सजग रहने की जरूरत है। कर्मचारी संगठन यदि सजग नहीं रहे, ऐसी स्थिति में सरकार और भगवान ही मालिक होगा।

– सनत जैन

राज काज

## हो गया बिहार का फैसला?

बिहार में किसका राज होगा।इसको लेकर बहुत सारी अटकलें चल रही थी। चुनाव के पहले वोट चोरी बहुत बड़ा मुद्दा था, वोट चोरी के बाद एसआईआर बहुत बड़ा मुद्दा बना। मतदान के दौरान महिला मतदाताओं को ?10000 खाते में पहुंच गए। सड़क पर वीवीपेट की पर्चियां मिली। स्ट्रांग रूम के कैमरे बंद हो गए। इस सबके बावजूद जैसी आशा थी। वैसे ही परिणाम आए। मतदान 66 फ़ीसदी फ़ीसदी से ज्यादा हुआ। पिछले सभी रिकार्ड मतदान ने तोड़ दिए। विपक्ष ने माना सरकार के खिलाफ वोट पड़ा है। सरकार ने पहले ही कह दिया ,यह बढ़ा हुआ वोट महिलाओं का है। नतीजे आए तो 200 सीटों के पार एनडीए गठबंधन पहुंच गया। बिहार भी सुरक्षित हो गया, केंद्र सरकार भी सुरक्षित हो गई। संघ और भाजपा से अच्छा चुनाव कोई लड़ना नहीं जानता है।

## जेल जाने की तैयारी करें तेजस्वी यादव ?

भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन ने बिहार चुनाव में अपना खूण्टा इस तरीके से गाड़ दिया है। इसको हिला पाना अब लालू यादव और तेजस्वी यादव के बस में नहीं रहा। भाजपा अपने किसी विरोधी को छोड़ती नहीं है। लालू यादव का जो हाल किया था। उसे यादव परिवार भूल गया था। उसके बाद भी तेजस्वी यादव भाजपा और संघ को नहीं समझ पाए। अब तेजस्वी यादव और परिवार के सदस्यों का जेल जाना तय है? भाजपा किसी चुनौती बर्दाश्त नहीं करती है।

# बिरसा मुंडा : धरती बाबा से बिरसा भगवान तक



दिलीप कुमार पाठक

बिरसा मुंडा एक आदिवासी नेता और लोकनायक थे। ये मुंडा जाति से सम्बन्धित थे। वर्तमान भारत में रांची और सिंहभूमि के आदिवासी बिरसा मुंडा को अब बिरसा भगवान कहकर याद करते हैं। मुंडा आदिवासियों को अंग्रेज़ों के दमन के विरुद्ध खड़ा करके बिरसा मुंडा ने यह सम्मान अर्जित किया था। 19वीं सदी में बिरसा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक मुख्य कड़ी साबित हुए थे। कहा जाता है कि 1895 में कुछ ऐसी आलौकिक घटनाएँ घटीं, जिनके कारण लोग बिरसा को भगवान का अवतार मानने लगे। लोगों में यह विश्वास दृढ़ हो गया कि बिरसा के स्पर्श मात्र से ही रोग दूर हो जाते हैं। बिरसा मुंडा का जन्म 1874 ई. में झारखण्ड राज्य के राँची में हुआ था। कहा जाता है कि उनके पिता, चाचा, ताऊ सभी ने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था। बिरसा के पिता सुगना मुंडा जर्मन धर्म प्रचारकों के सहायक थे, बिरसा का बचपन अपने घर में, ननिहाल में और मौसी की ससुराल में बकरियों को चराते हुए बीता। बाद में उन्होंने कुछ दिन तक चाईबासा के जर्मन मिशन स्कूल में शिक्षा ग्रहण की। परन्तु स्कूलों में



भगवान बिरसा मुंडा पर जयंती विशेष

उनकी आदिवासी संस्कृति का जो उपहास किया जाता था, वह बिरसा को सहन नहीं हुआ। इस पर उन्होंने भी पादरियों का और उनके धर्म का भी मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। फिर क्या था। ईसाई धर्म प्रचारकों ने उन्हें स्कूल से निकाल दिया। इसके बाद बिरसा के जीवन में एक नया मोड़ आया। उनका स्वामी आनन्द पाण्डे से सम्पर्क हो गया और उन्हें हिन्दू धर्म तथा महाभारत के पात्रों का परिचय मिला। जन-सामान्य का बिरसा में काफ़ी दृढ़ विश्वास हो चुका था, इससे बिरसा को अपने प्रभाव में वृद्धि करने में मदद मिली। लोग उनकी बातें सुनने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र होने लगे। बिरसा ने पुराने अंधविश्वासों का खंडन किया। लोगों को हिंसा और मादक पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। उनकी बातों का प्रभाव यह पड़ा कि ईसाई धर्म स्वीकार करने वालों की संख्या तेज़ीसे घटने लगी और जो मुंडा ईसाई बन गये थे, वे फिर से अपने पुराने धर्म में लौटने लगे। बिरसा मुंडा ने किसानों का शोषण करने वाले ज़मींदारों के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा भी लोगों को दी। यह देखकर ब्रिटिश सरकार ने उन्हें लोगों की भीड़ जमा करने से रोका। बिरसा का कहना था कि मैं तो अपनी जाति को अपना धर्म सिखा रहा हूँ। इस पर पुलिस ने उन्हें गिरफ़्तार करने का प्रयत्न किया, लेकिन गांव वालों ने उन्हें छुड़ा लिया। शीघ्र ही वे फिर गिरफ़्तार करके दो वर्ष के लिए हज़ारीबाग़ जेल में डाल दिये गये। कहा जाता है कि नवंबर, 1897 में जब बिरसा मुंडा को पूरे 2 साल 12 दिन जेल में बिताने के बाद रिहा किया जा रहा था, तब उनके दो और साथियों--डोंका मुंडा और मझिया मुंडा-को भी छोड़ा जा रहा था। ये तीनों साथ-साथ जेल के मुख्य गेट की तरफ़ बढ़ रहे थे, जेल के क्लर्क ने रिहाई के कागज़ात के साथ कपड़ों का एक छोटा-सा बंडल भी दिया। बिरसा ने अपने पुराने सामान पर एक नज़र डाली और वो ये देख कर थोड़े परेशान हुए कि उसमें उनकी चप्पल और पगड़ी नहीं थी। जब बिरसा के साथ डोंका ने पूछा कि बिरसा की चप्पल और पगड़ी कहाँ है, तो जेलर ने जवाब दिया कि कमिश्नर फ़ोर्ब्स के आदेश हैं कि हम आपकी चप्पल और पगड़ी आपको न दें क्योंकि सिर्फ़ ब्राह्मण, ज़मींदारों और साहूकारों को ही चप्पल और पगड़ी पहनने की इजाज़त है।

# यह मनी मैजिक है... पैसे बंटते रहेंगे वोट मिलते रहेंगे...



शैलेश शुक्ला

महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा के बाद अब बिहार के चुनाव का नतीजा आ गया है... नतीजा वही है....फिर वही कुंज-ए-क़फ़स...है वही सय्याद का घर... कोई बदलाव नहीं... फर्क इतना है कि इस बार बिहार में चुनावी सर्वे और एग्जिट पोल झूठे साबित नहीं हुए....ना सरकार बदली ना सियासत... महाराष्ट्र में लाड़की बहना और झारखंड में मईयां ने सरकारों की नैया डूबने नहीं दी... बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के 10 हजार रुपए सारे मुद्दों पर भारी पड़े...मोदी मैजिक से ज्यादा मनी मैजिक और बटेंगे तो कटेंगे से ज्यादा नोट बटेंगे तो वोट मिलेंगे कामयाब रहा... खैरात देने और जनादेश की चुनावी रणनीति गेम चेंजर साबित हुई...हर चुनाव में यही हो रहा है...हर सरकार यही कर रही है... कोई सरकार सत्ता से हटना नहीं चाहती...चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडा अपनाया जा रहा है...आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तो मुफ्त रेवड़ी कैंपेन या रेवड़ी पर चर्चा अभियान ही लॉन्च कर दिया था... लेकिन दिल्ली की जनता ज्यादा समझदार निकली... जनता ने खैराती केजरीवाल को हटा दिया... जो यों कहें कि बीजेपी की खैरातों का लालच ज्यादा भारी पड़ गया...शिक्षा, स्वास्थ्य निःशुल्क देना तो अच्छी बात है... मुफ्त बस यात्रा, हर महीने एक-दो हजार रुपए, मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, रोजगार के नाम पर 10 हजार रुपए देना वह भी आचार संहिता के बाद भी कितना उचित है... क्या यह लगातार सरकार में बने रहने का हथकंडा नहीं है...? शीला दीक्षित के 15 साल में दिल्ली का जो कायाकल्प हुआ...वैसा कायाकल्प केजरीवाल नहीं कर पाए... और बीजेपी भी कोई खास परिवर्तन नहीं कर सकी...आज दिल्ली वीभत्स नजर आ रही है... यमुना का झाग भरा पानी... 400 के पार पहुंचता एयर क्वालिटी इंडेक्स...गंदगी के अंबार... अवैध कालोनियां... बदबू और गंदगी से भरे हुए नाले...वॉटर लॉगिंग.... कई इलाकों में ट्रैफिक जाम... बेशुमार झुग्गी झोपड़ी... दिल्ली की बेरंग तस्वीर प्रस्तुत करते हैं... केजरीवाल कहते थे कि वह जनता की कमाई से मुफ्त की रेवड़ी बांट रहे हैं... और जनता को यह अच्छा भी लगता था.... लेकिन दिल्ली का कबाड़ा हो गया... बिहार में नीतीश कुमार ने बहुत कुछ बदला...इसके बाद भी उनमें इतना आत्मविश्वास नहीं था कि बिना खैरात दिए चुनाव में जाएं... क्योंकि वह जानते हैं कि जो मुफ्त की खैरात देता है उसे वोट मिल जाते हैं... बीजेपी या उसके सहयोगी दल ही नहीं कांग्रेस सहित तमाम राजनीतिक दलों को भी सत्ता का मोह इस कदर है कि उन्हें चुनाव जीतने का कोई भी हथकंडा अनैतिक नहीं लगता.... मध्यप्रदेश में फरवरी 2023 तक सारे सर्वेक्षण सरकार के खिलाफ आ रहे थे... इसके बाद लाड़ली बहना योजना आई और बाजी पलट गई...छत्तीसगढ़ में भी महतारी वंदन योजना का चुनावी वादा गेम चेंजर साबित हुआ...हरियाणा और महाराष्ट्र-झारखंड में अलग-अलग नाम से महिलाओं को हर महीने पैसे देने की योजनाएं सरकारों को बचाने में कामयाब रहीं... कर्नाटक में महिलाओं को लालच देकर कांग्रेस ने सरकार बनाई...यह दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आज भी इस देश की महिलाओं और युवा बेरोजगारों के लिए हजार, पन्द्रह सौ रुपए एक बड़ी राहत राशि है... स्त्री स्वावलंबन और स्त्री सशक्तिकरण की बात करने वाले भारतवर्ष की महिलाओं के हाथ आजादी के इतने वर्ष बाद भी खाली हैं...इसलिए सरकार की थोड़ी सी राहत उनके लिए वरदान साबित हो रही है....लेकिन इन मुफ्त की रेवड़ियों के कारण सरकारों का खजाना खाली हो रहा है...अर्थव्यवस्थाएं खोखली हो रही हैं...हिमाचल प्रदेश की सरकार के पास वेतन देने के लिए पैसा नहीं है... कुछ समय पहले हिमाचल भवन की कुर्की का आदेश हाईकोर्ट ने दे दिया था... मध्यप्रदेश सरकार को हर महीने बाजार से कर्ज लेना पड़ रहा है...छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक जैसे राज्यों के खजाने के हालात भी अच्छे नहीं हैं... हर सरकार भयानक कर्ज में डूबी हुई है...सीमा से अधिक कर्ज ले लिया गया है... बाजार से ज्यादा ब्याज पर कर्ज लेने की नौबत आ रही है... मुफ्त की खैरात देने के कारण बुनियादी ढांचा चरमरा गया है.... सड़क, बिजली, पानी की समस्याएं अब विकराल हो चुकी हैं... शिक्षा और स्वास्थ्य पर जो पैसा खर्च होना चाहिए वह मुफ्त की रेवड़ी बांटने में जा रहा है...स्कूलों में टॉयलेट नहीं हैं... इसलिए लड़कियों का ड्रॉप आउट बढ़ रहा है...स्कूल तक पहुंचाने के रास्ते नहीं हैं... स्कूल में पीने का पानी तक नहीं है... स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है...आए दिन प्रसूताओं और बीमारों को खटिया में बिठाकर एंबुलेंस तक पहुंचाने के दृश्य सामने आ रहे हैं... बिहार में ही कई गांव-देहात में बिजली नहीं है... बहुत से गांव में पहुंचने के साधन नहीं हैं... कई जगह पुल नहीं बने हैं तो बरसात में गांव मुख्य सड़क से कट जाते हैं... सड़कें कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं... पीने का पानी बहुत से गांव में नहीं है... चाहे बीजेपी हो, चाहे कांग्रेस हो या कोई और पार्टी इन सभी पार्टियों के शासित राज्यों में अधोसंरचना के हालात ठीक नहीं हैं...लेकिन मुफ्त की खैरात बहुत मिल रही है... जब हालात इतने खराब हों तो मुफ्त की खैरात बांटना कितना जायज है... यह सोचने का विषय है... इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग को भी संज्ञान लेने की जरूरत है... कर्ज लेकर घी पीने-पिलाने की यह तरकीब आने वाले दिनों में घातक सिद्ध हो सकती है... चुनाव जीतने के लिए जनता को खैरात देने का तरीका लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है...

सुविचार

दोस्तों के बिना कोई भी जीना नहीं चाहेगा, चाहे उसके पास बाकि सब कुछ हो. - अरस्तु

प्रसंग

## अद्भुत मांग

प्रख्यात संत बाबा गुलाब चंद अघोरी अपने अद्भुत चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध थे। उनके चमत्कार देखकर लोग दांतों तले अंगुली दबा लेते थे। लोगों को लगातार चमत्कार दिखाते-दिखाते बाबा ने उनमें महारत हासिल कर ली। इससे उनमें अभिमान आ गया। उन्हें अहसास हो गया कि वह कुछ भी कर सकते हैं। वह जिन लोगों से मिलते, अपने चमत्कारों या अपनी सिद्धियों की चर्चा जरूर करते। एक दिन बाबा गुलाब चंद संत साहित्य के लेखक सुदर्शन सिंह चक्र की एक कविता पढ़कर गदगद हो उठे। चक्र जी की कविता से बेहद प्रभावित होकर उन्होंने उनसे कहा, आज तुम जो मांगोगे वही मिलेगा। मांगो, दिल खोलकर मांगो। बाबा की बात पर चक्र जी बोले, नहीं बाबा, मुझे कुछ नहीं चाहिए। बस मैं भगवान की भक्ति तथा साहित्य की साधना करता रहूं, यही मेरी आकांक्षा है। चक्र जी के यह कहने पर भी बाबा बार-बार उनसे आग्रह करते रहे और बोले, आज मैं अपनी ओर से पहली बार आग्रह कर रहा हूं। नहीं मांगोगे तो बाद में पछताओगे। यह सुनकर चक्र जी ने कहा, बाबा मैं जो मांगूंगा, उसे आप दे भी पाओगे या नहीं, पहले यह विचार कर लीजिए। इस पर बाबा बोले, नहीं, तुम जो मांगोगे वह अवश्य मिलेगा, मैं तुमसे वादा करता हूं। इसके बाद चक्र जी बोले, बाबा, तो आप यह आशीर्वाद दीजिए कि भारत में जितने रोगी हैं वे सब निरोगी हो जाएं, जो दरिद्र हैं वे दरिद्र न रहें। चक्र जी की अद्भुत मांग सुनकर बाबा हैरान हो गए और फूट-फूट कर रोने लगे।

जरा हटके

## ईरानी मानव सभ्यता भारत से भी पुरानी : शोध

**लंदन, ईएमएस।** अभी तक भारत को दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक माना जाता था, वहीं इस रिपोर्ट के अनुसार मानव सभ्यता की शुरुआत का श्रेय अब ईरान को दिया गया है। विश्व जनसंख्या मूल्यांकन की ताज़ा रिपोर्ट ने इतिहास के अध्ययन में एक नया मोड़ जोड़ दिया है। अध्ययन में बताया गया है कि ईरान, जिसे प्राचीन काल में फारस के नाम से जाना जाता था, मानव बस्तियों का सबसे पुराना केंद्र रहा है। यहां मानव जीवन के साक्ष्य एक लाख साल से भी पुराने मिले हैं, जो यह संकेत देते हैं कि सभ्यता की जड़ें इसी क्षेत्र में सबसे पहले फली-फूलीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान का इतिहास एलामाइट सभ्यता से जुड़ा है, जिसकी शुरुआत लगभग 2700 ईसा पूर्व में हुई थी।

यह सभ्यता मानव इतिहास की शुरुआती संगठित बस्तियों में से एक मानी जाती है, जहां लोगों ने पहली बार समूह में रहना, खेती करना और व्यापारिक गतिविधियां शुरू की थीं। पुरातत्वविदों को यहां खुदाई के दौरान कई प्राचीन नगरों, मिट्टी के बर्तनों, लिपियों और धार्मिक अवशेषों के प्रमाण मिले हैं। इन खोजों से यह साफ होता है कि ईरान न केवल मानव बसावट का प्रारंभिक केंद्र रहा, बल्कि इसने समाज के संगठन और संस्कृति की नींव भी रखी। अध्ययन के अनुसार, ईरान के विभिन्न हिस्सों में एक लाख वर्ष पहले से मानव रह रहे थे। यह निष्कर्ष उन जीवाश्मों और पत्थर के उपकरणों के विश्लेषण पर आधारित है जो वहां की पुरातात्विक खुदाइयों में मिले हैं। भारत, जिसे सदियों से अपनी प्राचीनता और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है, इस सूची में सातवें स्थान पर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय उपमहाद्वीप में संगठित बस्तियों का विकास लगभग 2000 ईसा पूर्व में हुआ, जब सिंधु घाटी सभ्यता अपने उत्कर्ष पर थी।

फोटो ऑफ द डे



वेस्टबैंक में हजह हमीदाह मस्जिद में लगी आग के बाद हुए नुकसान को देखता हुआ एक फिलिस्तीनी।

व्यंग्य

## ऊँट किस करवट बैठेगा

गुरमीत बेदी

बड़ा अजीब आदमी है, मुझ से पूछ रहा है कि ऊँट किस करवट बैठेगा? जैसे ऊँट न हो गया, जोरू का गुलाम हो गया या फिर कठपुतली नेता हो गया जो वही करेगा, जो हाईकमान चाहेगा। अरे भई, ऊँट तो ऊँट होता है। एकदम से भिन्न प्रजाति का जीव। उसकी अपनी विल पावर होती है और अपनी मर्ज़ी। वह सरकारी कर्मचारी की तरह हर काम नियम और कानून की पोथी देखकर थोड़े ही करता है और न ही तबादले के नाम पर वह डरता है। उसे जिधर के आदेश होते हैं, वह मुँह उठाकर उधर चल देता है। वह डी. ओ. नोट जुटाने के चक्कर में नहीं पड़ता और न ही मिमियाते हुए सत्ता के गलियारों के चक्कर काटता है। ऊँट अपने फ़ैसले स्वतंत्र रूप से लेता है। वह अमेरिका के इशारे पर नहीं चलता। अमेरिका अगर धौंस दिखाए तो वह उसकी उपेक्षा करने का हौसला रखता है। उसे पता है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान क्या होता है और कैसे उसकी रक्षा की जाती है। उसे प्रजातंत्र के सही मायने मालूम हैं और यह भी मालूम है कि उसके अपने कुछ मौलिक अधिकार हैं। वह इन अधिकारों का पूरे आत्म सम्मान के साथ प्रयोग करता है। उसका जिधर चाहे दिल करे, वह उसी करवट बैठ लेता है। उसकी करवट दायीं ओर भी हो सकती है और बायीं ओर भी। अगर मूड में आए तो वह आसमान की तरफ़ मुँह उठाकर भी बैठ सकता है। अपनी जम्हूरियत में भले ही सत्ता किसी के हाथ में और सत्ता का रिमोट किसी दूसरे के हाथ में हो लेकिन जहाँ तक ऊँट का सवाल है, वह अपने दिमाग़ का रिमोट अपने पास रखता है और किसी को यह इल्म नहीं होने देता कि वह किस करवट बैठने जा रहा है। ऊँट की नेचर काफ़ी हद तक उन अफ़सरों से मिलती है जो सरकारी निर्णयों की फ़ाइल किसी भी करवट दबा कर लेट जाते हैं और हुकूमत इसी खुशफ़हमी में रह जाती है कि योजनाओं के लाभ नीचे तक पहुँच रहे हैं। वैसे ऊँट की नेचर उन लीडरों से भी मिलती है जो जन सेवा के नाम पर वोट हासिल करते हैं और फिर राजधानी में पहुँचकर कबूतरबाज़ बन जाते हैं। ऊँट किस करवट बैठेगा, यह जानना उतना ही मुश्किल है, जितना मुश्किल यह जानना है कि सरकारी बाबू फ़ाइल पर क्या नोटिंग चढ़ाने जा रहा है या फिर अपने दो प्रेमियों की जूतमपैजार में प्रेमिका किस का पक्ष लेने जा रही है। वैसे देखा जाए तो ऊँट का मिजाज़ अपनी क्रिकेट टीम से भी काफ़ी हद तक मिलता-जुलता है। अपनी टीम के बारे में हम निश्चित तौर पर कुछ नहीं कह सकते कि उसका ऊँट किस करवट बैठेगा। ऐसे लगता है जैसे अपनी टीम और ऊँट के बीच में काफ़ी अंडरस्टैंडिंग है। दोनों किसी तरफ़ भी करवट ले सकते हैं...। वैसे एक बात पूछूँ? चलो मान लो कि ऊँट बैठने से पहले हमें यह बता देता है कि वह किस करवट बैठने जा रहा है तो हम इस खुशी में कौन-सा किला फतेह कर लेंगे और अगर ऊँट हमें अपनी करवट की दिशा के बारे में पहले से नहीं बताता तो हम ऊँट का क्या कर लेंगे? है न, लाख टके की बात!

चिंतन-मनन

## उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को ?से मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ?से मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं।

स्वास्थ्य

## कई हिस्सों में नजर आने लगते हैं किडनी डैमेज के संकेत

**वाशिंगटन, ईएमएस।** शरीर का महत्वपूर्ण अंग किडनी जब ठीक से काम करना बंद कर देती है, तो इसके शुरुआती संकेत शरीर के कई हिस्सों में नजर आने लगते हैं इनमें आंखें सबसे प्रमुख हैं। अक्सर लोग इन संकेतों को थकान या नींद की कमी समझकर अनदेखा कर देते हैं, लेकिन ऐसा करना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि समय रहते ध्यान न देने पर किडनी पूरी तरह फेल भी हो सकती है। किडनी डैमेज का सबसे आम और बड़ा लक्षण आंखों के आसपास सूजन है। किडनी सही तरीके से काम नहीं करने से खून में मौजूद प्रोटीन को स्टोर करने के बजाय यूरिन के जरिए बाहर निकाल देती है। इससे शरीर में प्रोटीन की कमी हो जाती है और तरल पदार्थ ब्लड वेसल्स से निकलकर टिश्यूज में जमा होने लगते हैं। चूंकि आंखों के आसपास की त्वचा बहुत पतली और संवेदनशील होती है, इसलिए सूजन सबसे पहले वहीं दिखाई देती है। आंखों में खुजली और लालपन। किडनी के खराब होने पर खून में टॉक्सिन्स और यूरिया की मात्रा बढ़ जाती है। यह बढ़ा हुआ यूरिया शरीर के विभिन्न हिस्सों में जमा होकर खुजली पैदा करता है, जिसे यूरिमिक प्रुरिटस कहा जाता है। इससे आंखों में जलन, लालपन और लगातार खुजली महसूस होती है। अगर आपकी नजर अचानक धुंधली होने लगे तो यह भी किडनी से जुड़ी समस्या का परिणाम हो सकता है।

# ब्रिटेन के मशहूर मीडिया संस्था ने ट्रम्प के भाषण के गलत एडिट पर माफी मांगी

### मीडिया संगठन ने मुआवजे देने की मांग की खारिज, दिए पांच तर्क

**वॉशिंगटन।** ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से 6 जनवरी 2021 के उनके भाषण के गलत एडिट को लेकर माफी मांगी है। हालांकि मीडिया संगठन ने 1 बिलियन डॉलर यानी 8400 करोड़ रुपए के मानहानि के दावे को लेकर कहा कि उसने ट्रम्प की मानहानि नहीं की, इसलिए उनके 1 बिलियन डॉलर के मुकदमे की कोई बुनियाद नहीं है।

मीडिया संगठन ने कहा कि संस्था के चेयरमैन ने व्हाइट हाउस को व्यक्तिगत तौर पर पत्र भेजकर माफी मांगी है। यह विवाद उस भाषण के एडिट को लेकर हुआ था, जो ट्रम्प ने उस समय दिया था जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर हमला किया था। इस विवाद के बाद मीडिया संगठन के डायरेक्टर जनरल और न्यूज सीईओ ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। मीडिया संगठन ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री में भाषण के दो अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर ऐसे दिखाया था जैसे ट्रम्प लगातार हिंसक कार्रवाई को उकसाने की बात कर रहे हों। असल में दोनों हिस्से 50 मिनट के अंतर पर दिए गए थे। इसी वजह से यह गलत धारणा बनी कि ट्रम्प ने सीधे हिंसा के लिए उकसाया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन ने माना कि यह एडिट अनजाने में हुआ। उसने यह क्लिप दोबारा नहीं दिखाने और भविष्य में सावधानी बरतने का वादा किया है। ट्रम्प के वकीलों ने उसको कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने कार्यक्रम को पूरी तरह वापस लेने, सार्वजनिक माफी मांगने और नुकसान की भरपाई करने को कहा है। ट्रम्प ने कहा था कि उनका भाषण 卐काट-छांटकर卐 पेश किया गया, जिससे दर्शकों को धोखा हुआ।

मीडिया संगठन ने मुआवजे की मांग खारिज करते हुए पांच तर्क दिए हैं। पहला-कार्यक्रम अमेरिका में नहीं दिखाया गया। यह सिर्फ ब्रिटेन में उपलब्ध था। दूसरा-ट्रम्प को कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि वे फिर से राष्ट्रपति चुने गए। तीसरा-एडिट सिर्फ भाषण को छोटा करने के लिए था, न कि धोखा देने के इरादे से। चौथा-12 सेकंड का यह क्लिप एक घंटे के कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसमें ट्रम्प के समर्थकों की आवाजें भी शामिल थीं।

# बिहार चुनाव में एनडीए की भारी बहुमत से विजय के उपरांत भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में विजय उत्सव का आयोजन किया गया





**दिल्ली।** इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी, गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह जी, शहरी विकास मंत्री श्री मनोहरलाल खट्टर जी, शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी, संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी, संसदीय कार्यमंत्री श्री किरेन रिजिजू जी, भोजपुरी कलाकार एवं सांसद मनोज तिवारी जी, विधानसभा अध्यक्ष श्री ब्रजेन्द्र गुप्ता जी सहित सभी महानुभावों का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन सबके लिए प्रेरणादायी पाथेय रहा।

# कनाडा में रह रहे भारतीयों की बढ़ी परेशानी, सरकार ने की स्किल ट्रेड्स स्ट्रीम बंद

### हजारों लोग पीआर पाने की उम्मीद लगाए थे, आवेदन दो साल से थे लंबित

**टोरोंटो।** कनाडा में नौकरी कर रहे और परमानेंट रेसीडेंस का इंतज़ार कर रहे भारतीयों के लिए बुरी खबर है। कनाडा के ओंटारियो सरकार ने अपना स्किल ट्रेडस स्ट्रीम बंद कर दिया है। इसके साथ ही इस प्रोग्राम के तहत जमा सारे आवेदन अब वापस किए जा रहे हैं। ये आवेदन पिछले डेढ़ से दो साल से लंबित थे। सरकार का कहना है कि लोगों को उनकी फाइलें और फीस दोनों वापस लौटा दी जाएंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले का सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ा है, क्योंकि कनाडा के स्किल ट्रेडस सेक्टर में भारतीय वर्कर्स की संख्या सबसे ज्यादा है और हजारों लोग इसी स्ट्रीम के जरिए



पीआर पाने की उम्मीद लगाए बैठे थे। वापस लौटाई जाने वाले आवेदन की तादाद भी हजारों में है। ये फैसला ओंटारियो (कनाडा) की प्रवासन योजना के तहत लिया गया है।

इन्होंने अपनी स्किल ट्रेडस स्ट्रीम को तत्काल रोक दिया है। इसके साथ ही इस स्ट्रीम में अब कोई नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो आवेदन पहले ही प्रोसेस में थे, उन्हें वापस कर दिया गया है। ओंटारियो सरकार का कहना है कि इस स्ट्रीम में बहुत सारी गलत जानकारी और धोखाधड़ी हो रही थी। स्ट्रीम की वर्तमान रूप-रेखा ऐसी है कि इसका दुरुपयोग हो रहा है, इसलिए ओंटारियो ने इसे बंद करने का फैसला किया है।

कनाडा में ट्रेड वर्कर्स के तौर पर भारतीय सबसे बड़ी कम्युनिटी में आते हैं। जैसे- इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, वेल्डर, कंस्ट्रक्शन वर्कर ऑटोमोटिव तकनीशियन। इन सेक्टर्स में बहुत से भारतीय काम कर रहे हैं और पीआर की सबसे आसान राह स्किल्ड ट्रेड कैटेगरी ही मानी जाती थी। अब जब यह प्रोग्राम रोक दिया गया है, तो हजारों भारतीयों की पीआर की उम्मीद पर विराम लग गया है। बता दें इससे पहले बड़ी तादाद भारतीय स्टूडेंट्स के वीजा भी रिजेक्ट किए गए हैं।

# चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख, दूसरे पर 35 लाख रुपए देगी सरकार

### यह कदम जन्मदर में लगातार हो रही कमी को लेकर उठाया गया

**बीजिंग।** अब चीन में बच्चा पैदा करने पर मिल रहे 1.30 लाख रुपए। चीन सरकार ने यह फैसला चीन में बूढी होती आबादी को लेकर किया है। वहीं तिआवमेव शहर में तो दूसरा बच्चा पैदा करने पर परिवार को 35 लाख रुपए की मदद देने की बात कही है। वहीं यदि तीसरा बच्चा पैदा करने पर परिवार को 44 लाख रुपए मिलेंगे। सरकार ने यह कदम जन्मदर में लगातार हो रही कमी को लेकर उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन यानी करीब 44,000 रुपए देगी।

चीन की 21फीसदी आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद वन चाइल्ड पॉलिसी खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम हो रही है। दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घट रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह संख्या 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50फीसदी की कमी आई। 2024 में इसमें थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से ज्यादा रही।

# विदेशी कर्मचारियों को सस्ते नौकर, अब हमें उनकी जरुरत नहीं : जेडी वेंस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा विवाद के बीच विदेशी मजदूरों को लेकर छिड़ी बहस तेज हो गई है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने विदेशी कर्मचारियों को सस्ते नौकर कहकर कहा कि हमें उनकी जरूरत नहीं है। वेंस ने विपक्षी पार्टी पर निशाना साधकर कहा कि, डेमोक्रेट्स का मॉडल कम वेतन वाले प्रवासियों को देश में लाने पर होता है। इससे अमेरिकी लोगों के रोजगार, वेतन और समृद्धि को नुकसान पहुंचेगा। वेंस ने कहा कि ट्रम्प का मॉडल दूसरा है, जो अमेरिका में डेवलपमेंट का रास्ता खोलेगा।

उन्होंने कहा, अमेरिकी मजदूरों को तकनीक से मजबूत बनाना चाहिए, न कि सस्ते विदेशी श्रम पर निर्भर होना चाहिए। वेंस का बयान राष्ट्रपति ट्रम्प के कुछ दिन पहले दिए बयान से उल्ट है।

## आज का इतिहास 16 नवंबर

1713 बालाजी विश्वनाथ पेशवा नियुक्त किए गए।

1797 ब्रिटिश नौ सेना भूमध्यसागर से हटी।

1835 झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का जन्म।

1860 भारत से अनुबंधित श्रमिको गिरमिटिया मजदूरों का प्रथम दल नायल दक्षिण अफ्रीका गया।

1933 अमरीका और सोवियत संघ के बीच राजनयिक संबंध कायम हुए।

1941 जर्मनी ने मास्को पर दोबारा हमला किया।

1952 यूनान में फील्ड मार्शल पापगोस ने सरकार का गठन किया।

1967 साइप्रस में संघर्ष में 23 तुर्की सीप्रियाई मारे गए।

1968 सोवियत संघ ने विश्व का सबसे बड़ा अंतरिक्ष यान प्रोटोन चार का प्रक्षेपण किया।

1972 अमरीका और यूरोपीय देशों ने सोवियत संघ को मध्य यूरोप में हथियारों की कटौती संबंधी वार्ता में शामिल होने का न्यौता दिया।

1988 एस्टोनिया की संसद ने स्वतंत्रता की घोषणा की।

1989 दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति एफ। डब्ल्यू.डी.क्लार्क ने सार्वजनिक सुविधाओं में भेदभाव समाप्त करने की बात कही।

1990 हंगरी ने सोवियत निर्मित जमीन से जमीन पर मार करने वाले प्रक्षेपास्त्रों को नष्ट करने का ऐलान किया।

1992 रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसीन ने देश को संकट से उबारने के लिए संकट विरोधी योजना बनाई।

## प्रसंगतः अनोखा दंड

बहुत पुरानी बात है। दक्षिण भारत में वीरसेन नामक एक राजा राज्य करते थे। वीरसेन थे तो बहुत प्रतापी पर उन्हें अपनी प्रशंसा सुनना काफी अच्छा लगता था। चापलूस दरबारी उनकी तथा राज्य के शासन-व्यवस्था की हमेशा प्रशंसा करते रहते थे, जिससे राजा को राज्य की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाता था। राज्य में पंडित विष्णुदेव नामक एक निर्धन ब्राह्मण थे, जो भिक्षा मांगकर किसी तरह अपने परिवार का पेट पालते थे। एक बार अकाल पड़ा और भिक्षा भी बंद हो गई। बच्चों के पेट में अन्न गए तीन दिन बीत गए। पंडितजी जब तीसरे दिन भी खाली हाथ लौटे तो पत्नी रोते हुए बोली, 'अब मुझसे बच्चों की हालत देखी नहीं जाती। कोई भी मां अपने बच्चों को इस तरह मरते हुए नहीं देख सकती। तुम्हें कुछ-न-कुछ करना ही होगा।' पंडितजी ने झल्लाकर कहा, 'क्या करूं? चोरी करूं?' पत्नी ने कहा 'हां, चोरी करो क्योंकि इसके सिवा और कोई चारा नहीं बचा है।' पंडितजी ने अनेक तर्कों द्वारा पत्नी को मनाने का प्रयास किया पर वह पत्नी की जिद के आगे नतमस्तक हो गए। रात को वह राजमहल के भंडार गृह में पहुंचे। उन्होंने अपनी पगड़ी उतारी और उसमें अनाज रखकर गट्ठर बांधा और तेजी से बाहर आ गए। लेकिन घर लौटकर पंडित जी को नींद नहीं आई। रात भर करवटें बदलते रहे और सुबह होते ही सीधे राजदरबार जा पहुंचे। अपना अपराध सुनाने के बाद उन्होंने राजा से अनुरोध किया कि वह उन्हें चोरी की सजा दें। सारी कथा सुनकर राजा उदास हो गए। थोड़ी देर सोचने के बाद उन्होंने कहा, 'सजा तो मैं अवश्य दूंगा पर आपको नहीं बल्कि स्वयं को। आज से मैं घूम-घूमकर प्रजा के सुख-दुःख की जानकारी लूंगा जिससे फिर किसी को चोरी करने की आवश्यकता ही न पड़े। चूंकि आपने अपनी ईमानदारी प्रमाणित कर दी है इसलिए आपको दंड मुक्त किया जाता है।' इस प्रकार एक ईमानदार व्यक्ति के कारण पूरे राज्य की प्रजा सुखी हो गई।

## दैनिक पंचांग

**16 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.20 ब.से |
| चंद्र | कन्या में | धनु | 08.36 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.41 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.27 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.00 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.31 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.11 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.09 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.22 बजे से |
| | | सिंह | 23.38 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | कन्या | 01.50 बजे से |
| | | तुला | 04.01 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 320 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 04.48 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** हस्त 02.11 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 06.46 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 15.41 बजे तदनन्तर तैतिल 04.48 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 44' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872530 **जूलियन दिन** 2460995.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 24 **विशेष** वृश्चिक संक्रांति।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 | से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 | से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदउय पूर्वे तिथि द्वादशी, रविवासरे, हस्त नक्षत्र, रवियोगे, कौलवकरणे, कन्या की चंद्रमा, वृश्चिक रवि 47/47 द्विपुस्कर योग, 52/32 उ. 56/43 सर्वार्थ सिद्ध योग 52/34 उग्र कर्म औषधि सेवन तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, दार्शनिक, सुन्दर, सुशील तथा कोमल हृदय वाला, छुई, रेत, सीमेंट तथा माईनिंग वाला, डोलोमाईट का व्यापारी, धनी-मानी, कृषक होगा।




मेष राशि: चिन्ता, विभ्रम, अशांति से बचिये, दैनिक व्यवसाय गति अनुकूल बनेगी।

वृष राशि: दूर-समीप की लाभदायक यात्रा होगी, मित्रों का सहयोग अवश्य प्राप्त होगा।

मिथुन राशि: प?ोसी से अनबन होगी और बाद में सुलह भी हो जायेगी, विचारे कार्य अवश्य बनेंगे।

कर्क राशि: संतान के कार्य से प्रसन्नता होगी, प्रतिष्ठा एवं सम्पन्नता से आपको खुशी होगी।

सिंह राशि: जमीन-जायजाद के झग? सुलझेंगे, व्यापारिक संबंध स्थापित होंगे ध्यान दें।

कन्या राशि: नवीन कार्य-पद्धति से संतोष, तनाव से बचिये, आरोप से उद्विघ्नता बनेगी।

तुला राशि: प्रयत्न सफल हो, मित्र-वर्ग से तनाव व अशांति, मानसिक विभ्रम बनेगा ध्यान दें।

वृश्चिक राशि: सामाजिक कार्य में प्रभुत्व वृद्धि होगी, कार्य कुशलता से संतोष होगा।

धनु राशि: चिन्ता निवृत्ति, अर्थ-लाभ, योजनायें फलीभूत होंगी तथा रुके कार्य बनेंगे।

मकर राशि: मान-प्रतिष्ठा महत्वपूर्ण रहेगी, सभी कार्यों को एक-एक करके निपटा लें।

कुंभ राशि: आर्थिक लाभ की योजना का विस्तार होगा विचार-विमर्श कर अंतिम रूप दें।

मीन राशि: स्वयं सफलतापूर्ण कार्य में स्थाई एवं अस्थाई स्त्रोतों पर विशेष ध्यान अवश्य दें।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# पाक में अमीरुद्दीन खान ने एफसीसी के पहले सीजेआई के रूप में ली शपथ

### देश में संविधान संशोधन से बने नए कानून की समीक्षा की उठी मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जस्टिस अमीरुद्दीन खान ने नवगठित फेडरल कांस्टिट्यूशन कोर्ट (एफसीसी) के पहले मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति आवास पर आयोजित समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने उन्हें शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने पीएम शहबाज शरीफ की सिफारिश पर गुरुवार रात उनकी नियुक्ति की थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संविधान के 27वें संशोधन के जरिये संवैधानिक मामलों की निगरानी और उससे जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए यह नई कोर्ट गठित की गई है। सरकार के इस कदम का सुप्रीम कोर्ट में कड़ा विरोध हुआ और उसके दो वरिष्ठ न्यायाधीशों ने इस्तीफा भी दे दिया है। देश में संविधान संशोधन से बने नए कानून की समीक्षा की मांग उठ रही है।

कांस्टिट्यूशन कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश समेत सात न्यायाधीश होंगे। राष्ट्रपति जरदारी ने शुक्रवार को नवगठित कोर्ट के लिए नियुक्त छह न्यायाधीशों के नाम का ऐलान किया। जस्टिस सैयद हसन अजहर रिजवी, अमीर फारूक और अली बकार नजफी को सुप्रीम कोर्ट से कांस्टिट्यूशन कोर्ट में स्थानांतरित किया है। नियुक्त हुए तीन अन्य न्यायाधीशों के नाम जस्टिस केके आगा, रोजी खान बारेच और अरशद हुसैन शाह हैं। इनमें अवकाश प्राप्त अरशद हुसैन शाह को तब नियुक्त किया गया जब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश मुसर्रत हिलाली ने नवगठित न्यायालय में कार्य करने से इन्कार कर दिया। पाकिस्तान के वकीलों और राजनीतिक दलों ने 27वां संविधान संशोधन लागू होने वाले दिन 13 नवंबर को काला दिवस बताया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दो वरिष्ठ न्यायाधीशों- मंसूर अली शाह और अतहर मिनाल्लाह का इस्तीफा देना दुखद है। सरकार के इस कदम को न्यायपालिका को कमजोर करने की साजिश बताते हुए अपमानजनक बताया है। वकीलों और राजनेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई याह्या अफरीदी से मांग की है कि वह पूर्ण पीठ गठित कर 27वें संविधान संशोधन की समीक्षा करें, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिकार कम करने और सेना के अधिकार बढ़ाने वाले कदम उठाए गए हैं।

# ढाका में आगजनी और हिंसा से बिगड़े हालात, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश की 12 अतिरिक्त टुकड़ियाँ तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पिछले 3 दिनों से आगजनी और हिंसा की घटनाओं के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 12 अतिरिक्त टुकड़ियाँ तैनात की गई हैं, जो पहले से तैनात 14 टुकड़ियों के अतिरिक्त हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के समर्थक (अवामी लीग कार्यकर्ता) विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने ढाका सहित पांच जिलों में हाईवे जाम कर रखा है। अवामी लीग के समर्थकों की मांगें हैं कि पूर्व पीएम हसीना के खिलाफ झूठे मामले वापस लिए जाएं और फरवरी में चुनाव की तारीख का ऐलान किया जाए। हाल की घटनाएँ- शुक्रवार को अवामी लीग कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़पें हुईं। वहीं शुक्रवार तड़के ढाका अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास दो बम विस्फोट हुए। 13 नवंबर को हसीना के खिलाफ फैसले की तारीख के ऐलान से पहले अवामी लीग ने देशव्यापी प्रदर्शन किए, जिसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनबी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता भी सड़कों पर उतरे।

इंटरनेशनल क्राइम्स कोर्ट (आईसीटी) 17 नवंबर को हसीना के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में फैसला सुनाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### युवा शक्ति प्रेरणा महोत्सव आज

**ग्वालियर।** गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन 16 नवंबर को दोपहर 2 बजे नवचेतना: युवा शक्ति प्रेरणा महोत्सव कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित करेगा। मुख्य अतिथि सांसद भारत सिंह कुशवाह, मुख्य वक्ता जिलाधीश रुचिका चौहान, विशिष्ट अतिथि निगमायुक्त संघ प्रिय और कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेंद्र जैन होंगे। संस्था के संस्थापक आकाश बरुआ और संयोजक आकाश त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में पेंटिंग, क्विज, डांस, रंगोली, ओपन माइक, प्रदर्शनी और स्टार्टअप शोकेस प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

### कुरुक्षेत्र एक्सप्रेस अब गीता जयंती के नाम से चलेगी

**ग्वालियर।** रेलवे ने 11841/42 कुरुक्षेत्र एक्सप्रेस का नाम आधिकारिक रूप से बदलकर गीता जयंती एक्सप्रेस कर दिया है। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नाम परिवर्तन तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह निर्णय सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद जारी किया गया है। रेलवे मुख्यालय (बारोडा हाउस, नई दिल्ली) से जारी पत्र में ट्रेन का नाम बदलने की पुष्टि कर दी गई है। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी संबंधित विभाग इस परिवर्तन का व्यापक प्रचार सुनिश्चित करें। इसके लिए स्टेशन नोटिस बोर्ड, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, तथा इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया का पूरा उपयोग किया जाएगा। गौरतलब है कि यह ट्रेन रोजाना चलती है और बुंदेलखंड क्षेत्र को कुरुक्षेत्र से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सेवा मानी जाती है।

### पुस्तकों का विमोचन आज

**ग्वालियर** भगवत साहित्य परिवार के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार, कवि राम लखन शर्मा अंकित द्वारा विरचित छंद प्रदर्शिका (छंद संग्रह) अनुभूतियां (घनाक्षरी संग्रह) सफर जिंदगी का और उजाले मेरे हिस्से के (गजल संग्रह) चार पुस्तकों का विमोचन देहली पब्लिक अकादमी, दीनदयाल नगर ग्वालियर में रविवार को समय दोपहर तीन बजे से किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्राध्यापक डा. राजरानी शर्मा करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्राध्यापक डा. पद्मा शर्मा, सारस्वत अतिथि डा. विष्णु कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यकार, प्राध्यापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमन गुर्जर सहित विशिष्ट अति साहित्यकार राम अबध विश्वकर्मा उपस्थित रहेंगे।

### निश्शुल्क मोतियाबिंद शिविर आज

**ग्वालियर।** समर्पण मनोरमा ग्वालियर की ओर से मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 16 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक वेक्ट्स इंडस्ट्री लिमिटेड बानमोर में किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष जीडी लड्?ढा ने बताया कि नेत्र परीक्षण के दौरान मोतियाबिंद के मरीजों का निश्शुल्क आपरेशन के साथ-साथ दवा और चश्मे भी दिए जाएंगे। यह शिविर समर्पण मनोरमा की संस्थापिका स्मृति शेष मनोरमा लड्?ढा की स्मृति में किया जा रहा है।

### खुशहाली सेवा संस्थान द्वारा क्विज और रोचक गतिविधियां आयोजित की गई

**इन्दौर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय, केंद्र 5, में विज्ञान प्रयोग, क्विज समेत कई गतिविधियों का आयोजन खुशहाली सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ संस्था अध्यक्ष डॉ. श्वेता चौधरी तथा वेदवती महिला सेवा संस्थान की अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश साझा किए। टीम लीडर अनिष्का चावड़ा, प्रोजेक्ट असिस्टेंट ऋषिका काटरा एवं भूमिका सिंह ने कार्यक्रमों का संचालन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी सरिता सिंह, शिक्षिका सोनल जोशी एवं श्रद्धा भी विशेष रूप से मौजूद रही।

### जरूरतमंद बच्चों को किया गर्म कपड़ों का वितरण

**इन्दौर।** विगत छः दिनों से लगातार पड़ रही कड़कड़ाती ठंड के बीच जरूरतमंद बच्चों को अविराम शक्ति संस्था द्वारा स्वेटर वितरित किए। संस्था अध्यक्ष साधना गोलछा ने बताया कि इस नेक कार्य में पिंकी, आरती, वर्षा, ममता, दीपा, रोमा, उषा, जानक, सोनल और हर्षा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सभी सदस्यों ने बच्चों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से स्वेटर वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई।

# हंस ट्रैवल की बस के ठरकी ड्राइवर कंडक्टर को जमानत नहीं

### छेड़छाड़ का मुख्य आरोपी सरदार हैं फरार

### वकील की सजगता आई काम, सिख समाज नाराज

**इन्दौर।** छेड़छाड़ के मामले में हंस ट्रेवल्स की मुंबई-इंदौर बस क्रमांक एआर 11 डी 1919 के गिरफ्तार ड्रायवर मुकेश और कंडक्टर को कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर उनकी जमानत याचिका निरस्त कर दी। मामला सेंधवा थाना क्षेत्र का है और सेंधवा पुलिस ने बस में अकेले सफर कर रही युवती की शिकायत पर बस के ड्राइवर मुकेश, कंडक्टर और एक अन्य सरदार युवक किशोर सिंह ज्ञानी पर केस दर्ज किया था। मामले में शिकायत दर्ज होने के पश्चात पुलिस ने हंस ट्रैवल्स की उक्त बस को जब्त कर उसके ड्राइवर और कंडक्टर को तो गिरफ्तार कर लिया था पर सरदार किशोर सिंह ज्ञानी फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है इस बीच गिरफ्तार ड्राइवर और कंडक्टर की ओर से सेंधवा कोर्ट में जमानत आवेदन पेश किया गया जिस पर फरियादिया के वकील की सजगता काम आई और उनके द्वारा कोर्ट के समक्ष पूरी स्थिति स्पष्ट की गई जिसके चलते कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इंकार करते उनका जमानत आवेदन निरस्त कर दिया। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि हंस ट्रेवल्स की मुंबई-इंदौर बस क्रमांक एआर 11 डी 1919 से मुंबई में एनिमेटर के रूप में काम करने वाली युवती ने अपने घर इंदौर आने के लिए रेड बस नामक एप से गोरेगांव से इंदौर के लिये 6 नवंबर को सीट रिजर्व कराई और उसमें सवार हुई थी। बस जब रात में कसारा फूड स्टॉप पर रुकी तो वहां बस के ड्रायवर मुकेश को धानी गांव निवासी इसी ट्रेवल्स के एक अन्य ड्रायवर ने फोन पर कहा कि ज्ञानी जी को बैठा लेना इंदौर जाना है इन्हें भी। ड्रायवर और कंडक्टर के साथ उक्त सरदार युवक भी जब बस में सवार हुए तो तीनों नशे में थे। बस में चढ़ते ही सरदार युवक ने अपर बर्थ पर लेटी उक्त युवती पर फब्तियां




कसने के साथ ही पर्दा हटाकर उसके साथ छेड़छाड़ शुरु कर दी जिसमें बस के उक्त दोनों कर्मचारी भी उसका साथ दे रहे थे। इनकी हरकतों से घबराई युवती ने अन्य यात्रियों से मदद की गुहार लगाई, एक यात्री ने हस्तक्षेप किया तो इन आरोपियों ने उसे भी धमकाया। जब इन लोगों की हरकत नहीं रुकी तो युवती ने इंदौर में अपनी मां गीतांजली शास्त्री (करंबलेकर) को फोन पर घटना की जानकारी दी। मां ने बस के ड्रायवर को फोन किया लेकिन उसने अनसुनी कर दी। मां ने बेटी को विश्वास दिलाया तुम चिंता मत करो मैं कार से रवाना हो रही हूं, सेंधवा टोल नाके पर पहुंच रही हूं वहां बस रुकवाना। साढ़े तीन घंटे कार दौड़ा कर मां इन्दौर से सेंधवा टोल नाके पहुंची, वह सेंधवा थाना पुलिस को घटना की पहले ही जानकारी दे चुकी थी, सुबह 7 बजे के करीब बस जब वहां पहुंची तो उन्होंने बेटी को उतारा। वो चाहती थीं मामले की रिपोर्ट इंदौर में दर्ज हो लेकिन घटना स्थल सेंधवा होने से वहीं रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस ने ड्रायवर मुकेश और कंडक्टर को गिरफ्तार कर बस भी जब्त कर ली। मुख्य आरोपी सरदार किशोर सिंह फरार हो गया था। गिरफ्तार ड्राइवर मुकेश और कंडक्टर ने कोर्ट में जमानत आवेदन लगाया जिसे कोर्ट ने निरस्त कर दिया। वहीं मुख्य आरोपी सरदार किशोर सिंह जों कि नांदेड़ स्थित गुरुद्वारा का खुद को ज्ञानी बताता की इस हरकत से सिख समाज में भी नाराजगी है।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य का एसडीएम जय सोलंकी ने किया निरीक्षण



### मतदाताओं को एसआईआर के कार्य में जागरूक करने हेतु एडीएम जय सोलंकी ने बूथ लेबल पर जाकर दी समझाईश

**नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। जिला नर्मदापुरम में कलेक्टनर सोनिया मीना के नेतृत्व में जिले की चारों विधान सभा में यह कार्य किया जा रहा है । विधान सभा होशंगाबाद में कार्य के निरीक्षण के लिये एसडीएम जय सोलंकी के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण दोनों जगह के मतदान केन्द्रों पर चल रहे कार्य का निरीक्षण किया। श्री सोलंकी ने बताया कि मतदान केन्द्रों पर जाकर उनके द्वारा बीएलओं को आ रही समस्यालओं की जानकारी ली एवं आपके द्वारा गणना पत्रक को भरना एवं बीएलओ एप पर फीड करना भी बताया गया । आपके द्वारा शहरी क्षेत्र में एसपीएम के मतदान केन्द्र क्रमांक 28, 29 एवं 30 फेंफरताल के मतदान केन्द्रु क्रमांक 26 एवं 27 एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम रोहना के मतदान केन्द्रा क्रमांक 13 एवं 14, ग्राम नोहर के मतदान केन्द्रा क्रमांक 8, ग्राम आगराकला के मतदान केन्द्रु क्रमांक 25 एवं ग्राम बुधवाडा के मतदान केन्द्र क्रमांक 24 का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में बीएलओ सुपरवाईजर एवं ब्ला क समन्वतयक एसबीएम रामकुमार गौर भी सांथ में रहे।

# हर घर जल योजनाजन जन स्वास्थ्य के लिए बनी खतरा

**बुरहानपुर।** हर घर जल योजना के तहत नगर निगम द्वारा जल आवर्धन योजना प्रारंभ की गई है लेकिन इस योजना के तहत बिछाई जाने वाली पाइपलाइन सीवरेज लाइनों से होकर गुजरने पर दूषित जल की संभावनाएं बड़ी है और इसी का कारण है कि शहर में डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है इस समस्या को लेकर शहर की ताप्ती सेवा समिति के द्वारा एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को देते हुए कहा गया है कि शहर में 卐हर घर नल योजना卐 के अंतर्गत बिछाई गई जल पाइपलाइनें नागरिकों के लिए वरदान नहीं, बल्कि अभिशाप बनती जा रही हैं। कई क्षेत्रों में पाइपलाइनें गंदी नालियों और सीवरेज मार्गों से होकर निकाली गई हैं, जिससे दूषित जल सीधे घरों में पहुँच रहा है। इस दूषित पानी के सेवन से शहर में डायरिया, उल्टी-दस्त और संक्रमण बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं, दूषित जल के सेवन से कई नागरिकों के बीमार पड़ने तथा दो नागरिकों की मृत्यु की दुखद घटनाएँ भी सामने आई हैं। इस बारे में समिति अध्यक्ष सरिता भगत ने जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए बताया कि यह केवल एक प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि एक जनस्वास्थ्य आपदा है। शहर की आम



जनता लंबे समय से गंदे पानी की शिकायत लेकर नगर निगम और स्थानीय प्रशासन को आगाह करती रही है, परंतु समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए। यदि प्रारंभ में ही सुधार किया जाता, तो आज यह स्थिति न बनती। अब यह सिर्फ पानी का नहीं, नागरिकों के जीवन का प्रश्न है।इस योजना के कार्यान्वयन में गंभीर तकनीकी खामियाँ हैं। पाइपलाइनें नालियों से होकर गुजर रही हैं, जोड़ों की सीलिंग ठीक नहीं है और नियमित क्लोरीनेशन की व्यवस्था नहीं है। यह योजना अपने उद्देश्य में पूरी तरह विफल हो चुकी है। ताप्ती सेवा समिति व्दारा आगामी दिनों में शुद्ध जल क्क सुरक्षित जीवन नाम से एक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसमें नागरिकों को दूषित जल से बचाव, शिकायत प्रक्रिया, और जल शुद्धिकरण के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाएग इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती सरिता भगत उपाध्यक्ष अत्ताउल्लाह खान राजीव खेड़कर अजयबालापुरकर रियाज उल हक अंसारी इकबाल अंसारी राजेश भगत मीडिया प्रभारी विवेक हकीम आदि लोग मौजूद थे!

# सड़कों पर तेजी से किया जा रहा है पेंच रिपेयरिंग का कार्य




**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर बरसात में खराब हुई शहर की गांरटी पीरियड की सड़कों पर ठेकेदार द्वारा एवं अन्य विभिन्न सड़कों पर नगर निगम द्वारा तेजी से पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है।

सहायक यंत्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए गांरटी पीरियड की सड़कों सहित विभिन्न सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत आज

सनसिटी रोड जलसा गार्डन एवं रजवाड़ा गार्डन रोड, सूर्य नमस्कार तिराहा, तानसेन रोड, कांच मिल रोड बिरला नगर पुल, सात भाई की गोठ, विजयनगर एक्सटेंशन विवेक विहार, समर्थ नगर पुरानी रेलवे लाइन, गदाईपुरा मरघट के पास, पी एन टी नेहरू कॉलोनी, साठ फुटा रोड, भैंस मंडी रोड सहित अनेक सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।

# भैंसडेयरी संचालक एवं गंदगी करने वाले दुकानदारों पर किया गया जुर्माना कार्यवाही

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके बाद भी जो लोग आदतन कचरा फैलाने के आदी हैं उनके खिलाफ लगातार जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी प्रतीक राव के निर्देशानुसार नगर निगम ग्वालियर के स्वास्थ्य अमले द्वारा आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क पर कचरा ना फैलाने एवं दो-दो डस्टबिन रखने की अपील की जा रही है। वही पशु डेयरी संचालकों को भी लगातार गोबर नालियों में ना बहाने की चेतावनी दी जा रही है। लेकिन इसके बावजूद अनेक नागरिकों द्वारा निरंतर गंदगी फैलाई जा रही है तथा गोबर नाली में बहाया जा रहा है जिसको लेकर निगम के हमले द्वारा निरंतर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

ग्वालियर विधानसभा अंतर्गत स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपेंद्र सेंगर के निर्देशन में व्यवसायिक क्षेत्र वार्ड 12 तानसेन रोड पर गंदगी फैलाने एवं डस्टबिन ना रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माना कार्रवाई कर कुल 4300 रुपए का जुर्माना वसूला गया । कार्रवाई में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री शरण कुमार, जेड एच ओ श्री रवि करोसिया, डब्ल्यू एच ओ श्री बंटी गौहर एवं मदाखलत दल आदि उपस्थित रहे ।

दक्षिण विधानसभा के स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड 51,43,38 में गंदगी फैलाने वालों एवं गोबर सड़क पर डालने वालों पर जुर्माना कार्रवाई कर 4750 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

# महानायक बिरसा मुंडाजी की जयंती 150वीं जयंती पर बाल संप्रेक्षण गृह में मनाई गई

**उज्जैन।** वनवासी कल्याण परिषद उज्जैन द्वारा 15 नवंबर को जनजाति महानायक धरती आबा बिरसा मुंडाजी की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह उज्जैन में मनाया गया।

जिला कोषाध्यक्ष विजयेन्द्रसिंह आरोण्या के अनुसार मुख्य बैंक ऑफ इंडिया के झोनल मेनेजर अजीत शरण, विशेष अतिथि द्वय डिप्टी झोनल मेनेजर प्रदीप कमल, विद्या भारती जनजातीय सेवा न्यास के प्रांतीय सचिव महेश गौंड थे।मुख्य अतिथि ने बिरसा मुंडाजी के जीवन परिचय से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि बिरसा मुंडाजी को धरती आबा अर्थात पृथ्वी के पिता के नाम से भी जाना जाता था जिन्होंने आदिवासी हितो की रक्षा के लिये अपना समूचा जीवन समर्पित कर दिया। अंग्रेजों के दांत खट्टे कर आदिवासी




विरोध काले कानून का मुंडाजी ने पुरजोर विरोध किया और आदिवासियों के भगवान बन गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनवासी कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने की। अतिथियो व परिषद पदाधिकारियों, सदस्यों ने पौधारोपण भी प्रांगण में किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव संजय अग्रवाल ने किया। आभार खेल आयाम प्रमुख देवेन्द्र जोशी द्वारा किया गया। प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष विजयेन्द्रसिंह आरोण्या, प्रभारी अधीक्षक मेहताबसिंह परस्ते, आशीष पुजारा, देवेन्द्र जोशी, काशीराम रायकवार, चारवी अजवानी, चित्सा अजवानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# लश्कर मंडी के प्रभारी सचिव महेन्द्र मीणा को हटाया कलेक्टर श्रीमती चौहान के प्रतिवेदन पर राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने की कार्रवाई

**ग्वालियर।** कृषि उपज मंडी लश्कर के प्रभारी सचिव एवं मंडी निरीक्षक महेन्द्र सिंह मीणा को इस दायित्व से मुक्त कर दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा लिखे गए पत्र के आधार पर राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। ज्ञात हो बीते रोज कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कृषि उपज मंडी लश्कर का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने मंडी परिसर में हो रही धान खरीदी एवं यहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया था। साथ ही धान बेचने आए किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्यायें भी सुनीं थीं। कलेक्टर ने मंडी परिसर में मिली अव्यवस्थाओं व अनियमितताओं एवं किसानों के लिये मूलभूत सुविधाओं के अभाव का उल्लेख करते हुए प्रभारी मंडी सचिव महेन्द्र सिंह मीणा को हटाने के लिये राज्य कृषि विपणन बोर्ड को पत्र लिखा था। इस परिपालन में कृषि विपणन बोर्ड द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है। कृषि विपणन बोर्ड ने आंचलिक कार्यालय ग्वालियर में पदस्थ आलोक वर्मा को तात्कालिक रूप से कृषि उपज मंडी लश्कर के सचिव का दायित्व सौंपा है।

# जनजाति, अगड़ा-पिछड़ा, सवर्ण नाम की कोई जाति नहीं, यह देश को तोडने का षडयंत्र: विधायक पन्नालाल शाक्य

### बिरसा मुंडा जयंती पर गुना में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में इतिहास और सामाजिक संरचना पर दिया बड़ा बयान

**गुना।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में विधायक पन्नालाल शाक्य ने ऐसा बयान दिया जिसने पूरे कार्यक्रम का केंद्र बिंदु बना दिया। जिला पंचायत विश्राम गृह में हुए इस समारोह में उन्होंने कहा कि हमारे देश में अनुसूचित जाति, जनजाति, अगड़ा-पिछड़ा, सवर्ण-अवर्ण जैसी कोई पहचान नहीं थी। जनजाति नाम की कोई जाति तो कभी थी ही नहीं। यह विभाजन देश को तोडने की साजिश के तहत खड़ा किया गया था और पिछले ढाई सौ वर्षों से हम इसे ढो रहे हैं। देश में समय-समय पर महापुरूषों ने बलिदान दिए हैं। लगभग एक हजार वर्ष तक के जिन्होंने बलिदान दिए हैं उनके तो इतिहास में नाम ही नहीं है।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, जिला पंचायत छ्श्वह्न अभिषेक दुबे, भाजपा जिला महामंत्री संतोष धाकड़ और मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

अपने संबोधन में विधायक शाक्य ने इतिहास के संदर्भ में कहा कि देश की प्राचीन सामाजिक संरचना को जानना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पुराने समय में समाज के लोग केवल उनके भौगोलिक स्वरूप के आधार पर पहचाने जाते थे—नगरों में रहने वाले 'नगरवासी', गांवों में रहने वाले 'ग्रामवासी', जंगलों में रहने वाले 'वनवासी' और पहाडिय़ों-कंदराओं में रहने वाले 'गिरिवासी'।

» न्यूज कैप्सूल »

## जीएसटी टीम देख भाग रहा ट्रक पलटा

**झांसी।** झांसी-ललितपुर हाईवे पर जीएसटी टीम को देखकर भाग रहा एक ट्रक बेकाबू होकर सिजवाहा के पास जाकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

दिल्ली से बिलासपुर जा रहा एक ट्रक सिजवाहा के पास उस समय पलट गया जब जीएसटी टीम चेकिंग कर रही थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायल ड्राइवर पारस सिंह को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उसके हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। झारखंड के पालूम में रहने वाले ट्रक चालक पारस सिंह ने वह दिल्ली से बिलासपुर परचून (किराने का सामान) से भरा ट्रक लेकर जा रहा था। जब वह झांसी से सिजवाहा होते हुए ललितपुर की ओर जा रहा था, तभी सिजवाहा तिराहे पर जीएसटी टीम चेकिंग कर रही थी। वहां सड़क पर दो ट्रक खड़े थे और जीएसटी के कुछ कर्मचारी मौजूद थे। उन्हें देखकर वह भागने लगा, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। रक्सा थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था और शांति व्यवस्था कायम है।

## रडार पर झांसी के पुलिस वाले

### सोशल मीडिया सेल से आई रिपोर्ट से मचा हड़कंप

**झांसी।** लखनऊ की सोशल मीडिया सेल से आई एक रिपोर्ट के बाद झांसी पुलिस वालों में हड़कंप मच गया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक्टिव पुलिसकर्मियों पर अफसरों की निगाहें टिक गई हैं। पुलिस की वर्दी में रील बनाकर सोशल मीडिया पर छा रहे पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

सूत्रों के मुताबिक, झांसी में कई ऐसे पुलिसवाले हैं, जो इंस्टाग्राम पर रीलबाजी कर खूब सुर्खियों में बने रहते हैं। कोई सिंघम बन रहा है तो कोई गश्त के दौरान सेल्फी ले रहा है। सोशल मीडिया सेल से जुड़े अफसरों का कहना है कि यह पुलिस अनुशासन के बिल्कुल खिलाफ है। सोशल मीडिया पर एक्टिव ऐसे पुलिसकर्मियों पर जल्द एक्शन लिया जाएगा। कई पुलिस वालों की सोशल मीडिया एकाउंट्स की निगरानी शुरू कर दी है। कुछ पर पहले भी कार्रवाई हो चुकी है और अब फिर नई लिस्ट तैयार की जा रही है।

अधिकारियों ने साफ कहा है कि अगर कोई वर्दीधारी पुलिसकर्मी सोशल मीडिया पर फिजूल की हरकत करते पाया गया, तो इसे अनुशासनहीनता मानते हुए उस पुलिसवाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में जिले के %रीलबाज पुलिसकर्मियों% के दिन मुश्किल में नजर आ रहे हैं।

## उप मुख्यमंत्री जनपद भ्रमण कार्यक्रम 17 नवम्बर को

**झांसी।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के जनपद झांसी भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 नवम्बर को पूर्वान्ह 11:10 बजे हेलीपेड पुलिस लाइन पर आगमन होगा, इसके पश्चात पूर्वान्ह 11:15 बजे राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, महाविद्यालय, चिरगांव ,लौह पुरुष सरदार बल्लभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एकता यात्रा में प्रतिभाग करेंगे, उक्त स्थल से प्रस्थान कर अपरान्ह 13:05 बजे सर्किट हाउस सभागारमें विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। जनपद मे निर्माणाधीन एवं विकासशील परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया करेगें।

## 19 नवम्बर को वीरांगना महालक्ष्मी बाई जयंती पर होगें कार्यक्रम

**झाँसी।** अमर शहीद वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती समारोह राष्ट्र की परम्परा अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 19 नवम्बर को महाराजाधिराज झाँसी राज्य श्रीमंत गंगाधरराव की पावन समाधिस्थल लक्ष्मी गेट बाहर समाधि स्थल के निकट महाराजा गंगाधर राव पार्क में भव्य दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक मनाई जाएगी। उक्त आयोजन की संयुक्त रूप से जानकारी देकर अरुण कुमार द्विवेदी पूर्व पार्षद एवं गिरजा शंकर राय स्वतंत्रता सेनानी वंशज ने बताया कि रानीलक्ष्मी बाई केसरिया माधव संस्थान कानपुर तथा महाराजाधिराज झाँसी राज्यश्रीमंत गंगाधर राव राष्ट्रीय समारोह महासमिति के संयुक्त तत्वाधान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में आगुन्तक अतिथियों में रानी के निकटतम रहे और उनका पालन पोषण करने वाले श्रीमंत पेशवा राव बिठूर कानपुर के वंशजगण तथा पूना,नागपुर,कानपुर ग्वालियर, लखनऊ आदि से अतिथि गण, विद्वान इतिहासकार, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण आदि आयेगें।

## किसानों को वितरित किया गेहूँ का उन्नत बीज

**झाँसी।** रानी लक्ष्मी बाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत आज ग्राम वीरपुरा, ब्लॉक-बामोर, जिला के 40 किसानों को कृषक सहभागी कार्यक्रम के तहत गेहूँ की उन्नत प्रजाति डीबीडब्ल्यू-187 का बीज वितरित किया गया। निदेशक, प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह ने किसानों को बीज सौंपते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की विस्तृत जानकारी दी।

# सैक्टर चकमार्ग को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का चलाएं अभियानः जिलाधिकारी

**पैमाइश के बाद पत्थर गड्डी उखाडऩे वालों पर होगी एफआईआर दज**

**ग्राम पंचायतों में पराली न जलाने के लिए किसानों को किया जाए जागरूक**

**पैमाइश के बाद पत्थर गड्डी उखाडऩे वालों पर होगी एफआईआर दर्जरू- जिलाधिकारी**

**जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तहसील गरौठा में संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का किया निस्तारण**




**झांस।** तहसील गरौठा सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने चकरोड सरकारी भूमि एवं निजी भूमि पर कब्जा मुक्त कराने का अभियान चलाने निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि यदि पैमाइश के बाद पत्थर गड्डी को उखा? कर पुन: कब?ा किया जाता है तो करें एफआईआर दर्ज। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय सीमा में और गुणवत्ता परक किया जाना सुनिश्चित किया जाए, त्रुटिपूर्ण आख्या लगाकर निस्तारित की गई शिकायत पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने तहसील गरौठा में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भूमि सम्बन्धित अवैध कब्जों की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि सभी राजस्व कर्मी एवं लेखपाल अपने मूल कार्यों में रुचि लें और अपने क्षेत्र में जाये तथा सेक्टर आदि की स्वयं नाप करें ताकि भूमि विवाद उत्पन्न ही ना हो।उन्होंने समस्त लेखपालों को निर्देश दिए कि गलत ढंग से भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध क?ाई से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर विवेक कुमार पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश निवासी ख?ौरा तहसील गरौठा ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मौजा ख?ौरा तहसील गरौठा में सेक्टर मार्ग नंबर 337 व 379 है जिससे हो कर प्रार्थी व अन्य काश्तकार अपने अपने भूमि नंबरान पर आते-जाते हैं लेकिन विनय पुत्र कैलाश, कैलाश पुत्र रामस्वरूप निवासीगण ग्राम ख?ौरा तहसील गरौठा ने नाजायज तरीके से कब्जा कर लिया है तथा अखलेश तनय घासीराम व नरेन्द्र तनय घासीराम, महेन्द्र तनय घासीराम द्वारा भी अवैध कब्जा कर उक्त सैक्टर मार्गों को अवरुद्ध कर दिया है जिससे आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना प? रहा है कहने पर उक्त दंबग व्यक्ति झग?ा करने पर आमादा है, प्राधार्थी व अन्य काश्तकारों का कृषी कार्य प्रभावित हो रहा है । जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी गरौठा को स्थलीय निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस की मौके पर तहसील गरौठा प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल लगाकर लोगों को संक्रमण से बचने के लिए जागरूक किया। आयोजित कैंप में आंखों की टेस्टिंग तथा चश्मे आदि का नंबर लोगों को उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती, प्रभावी वनाधिकारी नीरज कुमार आर्य,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुधाकर पांडेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व वरुणकुमार पांडेय, एसडीएम श्री सुनील कुमार सहित समस्त विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## महीयसी महादेवी वर्मा वाद विवाद प्रतियोगिता सम्पन्न



**झांसी।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की पहल पर महीयासी महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता का मण्डलीय स्तर पर आयोजन आर्य कन्या इंटर कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता में झाँसी मण्डल के जनपदों से चयनित विजयी प्रतिभागियों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने वर्तमान जीवन प्रणाली एवं पनपता अवसाद विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक रती वर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान जीवन प्रणाली की तीव्र गति और कृत्रिम जीवनशैली के ब?ते प्रभाव ने समाज में अवसाद जैसी समस्याओं को गहराई तक पहुँचा दिया है, अत: संतुलित जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अलका नायक, प्राचार्या, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, झाँसी; निधि चौहान, प्रधानाचार्य,सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, एवं राजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर इंटर क ॉलेज रहे। निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर रघुराज सिंह इंटर कॉलेज, की छात्राएँ दृष्टि अहिरवार ने पक्ष एवं किंजल साहू ने विपक्ष में बोलते हुये, उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर मण्डल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों में निहारिका पाल एवं सुहाना खान रही एवं अपने प्रभावशाली वक्तव्यों से सभी को प्रभावित किया। मण्डलीय सांस्कृतिक समन्वयक नीतू सिंह ने बताया कि मण्डल स्तर पर 'प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी आगामी 10 दिसंबर को जनपद अयोध्या में आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता' में प्रतिभाग करेंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमलता, नीलम त्रिपाठी, रेनू सिंह, योगिता सिंह, कल्पना वर्मा, दमयंती वर्मा, मिथलेश सोनी,सीमा चौहान, सुनीता शुक्ला, अर्चना सिंह, आशि?ी त्रिपाठी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का 'कुशल संचालन ममता श्रीवास' द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्या अनीता कनौजिया' ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों एवं निर्णायक मण्डल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से गूंजा भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर



**झाँसी।** भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को वंदना सभा के दौरान उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग, भातखण्डे विश्वविद्यालय, और स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में एक मनमोहक शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य छत्रसाल स्वर्णकार ने इस अवसर पर उपस्थित सभी कलाकारों और विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. चंद्रकांत अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शहनाई वादक संजीव शंकर अपनी टीम के साथ उपस्थित हुए। उनके साथ तबला वादक पंडित मिथलेश कुमार झा, शहनाई वादक योगेश शंकर, और सुर शहनाई वादक कामता प्रसाद ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत राग भैरव के मधुर वादन से की, जिसके बाद उन्होंने बनारस घराने की ठुमरी प्रस्तुत कर उपस्थित सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। संगीत की मधुर ध्वनि ने पूरे परिसर को एक दिव्य सांस्कृतिक माहौल से भर दिया।

## अंसल पाम कॉलोनी में बदमाशों का ताण्डव

**पुलिसकर्मियों के सामने ही बदमाश घर से ले उड़े दस लाख के जेवरात व नगदी**

**सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस कर रही उनकी तलाश**

**झांसी।** पुलिस कर्मियों के सामने ही बदमाश नवाबाद थाना क्षेत्र की शुमार अंसल पाम कोर्ट कॉलोनी में एक सेवानिवृत्त डॉक्टर के घर से 10 लाख के जेवरात समेत नकदी ले उड़े। इसी रात चोरों ने कई घरों के साथ धावा बोला। घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाश कैद हो गए। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस उनको तलाश रही है।

विवरण के मुताविक नवाबाद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अंसल पाम कॉलोनी में पीएमएस सेवा से रिटायर होने के बाद डा. वाई के सिनैरिया पत्नी ममता के साथ ए ब्लॉक के फ्लैट नंबर 51 में रहते हैं। उन्होंने बताया कि घर में ताला बंद कर पत्नी के साथ बेटे से मिलने लखनऊ गए थे। बेटा लखनऊ में रहकर पढ़ाई करता है। बीती रात के बाद करीब 1¬20 बजे तीन नकाबपोश चोर कॉलोनी में घुस आए। सबसे पहले चोरों ने विला तीन, चार एवं पांच नंबर में घुसने की कोशिश की। पांच नंबर विला में पत्थर मारकर कांच तोड़ दिया। आहट होने पर कॉलोनी के लोग जग गए। उन लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

डॉयल-112 के साथ रात करीब ढाई बजे चौकी से पुलिसकर्मी जा पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने कॉलोनी के लोगों से बात की। स्थानीय लोगों का कहना है पुलिसकर्मियों की छानबीन करने के दौरान ही रात करीब 3¬20 बजे डा. सिनैरिया के फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर जा घुसे। यहां तीनों चोर भोर 5¬20 बजे तक रहे। हालांकि तब तक पुलिस वहां से जा चुकी थी। चोरों ने इत्मिनान से पूरे घर को खंगाला। आलमारी तोड़कर अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात समेत नकदी उड़ा दिया। पड़ोस में ही उनके रिश्तेदार भी रहते हैं। उनके घर का ताला टूटा देख उन्होंने तुरंत उनको सूचना दी। जानकारी लगते ही डा. सिनैरिया झांसी लौटे। डॉ के मुताबिक कुल दस लाख रुपये से अधिक की जेवरात एवं नकदी चोरी हुई। उन्होंने घर में टाइल्स लगवाने के लिए नकद पैसा निकालकर रखा था। यह पैसा भी चोरी चला गया। पुलिस का कहना है कि चोरी करने वाले बदमाशों की तलाश की जा रही है।

## बिरसा मुंडा की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित




**झांसी।** बुंदेलखंड महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा बिरसा मुंडा जयंती अवसर पर जनजातीय समाज के गौरव बिरसा मुंडा का भारत की स्वतंत्रता में योगदान विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि गोपाल सहरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एसके राय ने किया तथा संचालन डॉक्टर धर्मेंद्र पांडे एवं आभार डॉक्टर रामदरश सिंह यादव ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र तिवारी ने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को रेखांकित किया तथा जनजातीय समाज की धरोहर जल जंगल और जमीन को सांस्कृतिक विरासत के रूप में मानते हुए सरकार की विकास योजनाओं में जनजातीय समाज के संस्कृतिक संरक्षण को प्राथमिकता देने पर बल दिया। समाजशास्त्र के आचार्य डॉ सुरेंद्र नारायण ने जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान के रूप में बताते हुए विकास योजनाओं में जनजाति समाज की सहभागिता कराने पर बल दिया। प्राचार्य प्रोफेसर एसके राय ने जनजातीय समाजों के संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उन्हें विधिक साक्षर बनाए जाने पर बल दिया। अंत में जनजातीय समाज द्वारा अपने उत्थान के विविध कारक सुझाए तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

## छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया




**झांसी।** विधि विभाग, बुंदेलखंड कॉलेज के समस्त छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत नवाबाद थाना सहित नवाबाद महिला थाने का भ्रमण कराया गया जिसके अंतर्गत थानाध्यक्ष जे.पी. पाल और उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं के अनुरूप पूछे गए विधिक प्रश्नों के यथोचित जवाब दिये तत्पश्चात महिला थानाप्रभारी रजनी बाला, उपनिरीक्षक पूजा चौधरी और समाजसेविका नीति शास्त्री ने महिला थाने में आने वाले पी?ितों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण से संबंधित कार्यवाहियों एवं निवारण की प्रक्रियाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया और विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रो.एल.सी. साहू, संजीव शेखर सिंह, डॉ. अजीत गुप्ता, आदित्य कुमार सिंह, विकास कटियार आदि शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एकता यात्रा में 17 शामिल होगे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्यः राजीव सिंह



**झांसी।** सरदार पटेल जन्म 150 वीं जन्म जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत बबीना विधानसभा के चिरगांव मंडल में 17 नवंबर को होने वाली यूनिटी मार्च के संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन सर्किट हाउस में किया गया, जिसमें पत्रकारों को जानकारी देते हुए बबीना विधायक राजीव सिंह परीक्षा ने कहा देश की एकता के आधार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्मजयंती समारोह अभियान के अंतर्गत की 17 नवंबर को उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बबीना विधानसभा की होने वाली एकता यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ झांसी जनपद के समस्त जनप्रतिनिधि भी इस में सम्मिलित होंगे। सर्वप्रथम राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त महाविद्यालय में जनसभा होगी उसके पश्चात यात्रा का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री के द्वारा होगा। यह यात्रा महाविद्यालय से प्रारंभ होते हुए मंडी, रामनगर चौराहा, थाना, पहा?ी चुंगी, पहा?ी तिराहा, होते हुए अंतिम प?ाव महेवा तिराहे पहुंचेगी जहां पुन: एक जनसभा होगी। उन्होंने बताया प्रत्येक चौराहे पर यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्पवर्षा की जायेगी यात्रा में देशभक्ति गीत, विभिन्न झांकियां भी सम्मिलित होंगी और इस यात्रा के माध्यम से हम सभी झांसी जनपद बासी राष्ट्रपुरुष को श्रद्ध ांजलि अर्पित करेंगे। जिलाध्यक्ष हेमंत परिहार ने कहा कि यह यात्रा सरदार पटेल जी 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पूरे देश में की जा रही क्योंकि आज हम जो अखंड भारत का स्वरूप देखते है उस भारत को अखंडता प्रदान करने का कार्य 562 रियासतों को देश में शामिल करके उन्होंने ही किया। इस अवसर पर एमएलसी रमा निरंजन, यात्रा प्रभारी मुकेश मिश्रा, महोबा प्रभारी संजीव श्रृंगीऋषि, विकास कुशवाहा,चेतन ओझा मीडिया प्रभारी, हेमंत पांचाल, भूपेंद्र रायकवार, रवि पाल, मनोज झारख?िया, पवन राजपूत, अनिल मुस्तारिया, आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946